राजस्थान भारती प्रकाशन

# समयसुन्दर रास पंचक

मम्पादक

भँवरलाल नाहटा

प्रकाशक

सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट

बीकानेर।

प्रथमावृत्ति १००० ] वि० स० २०१७ [ मूल्य [illegible]

जिन्होंने सत्साहित्य की निरन्तर सेवा
और ज्ञानोपासना के लिए सदा प्रेरित
और प्रोत्साहित किया, जिनके
अनन्त उपकारों से कभो उऋण
नहीं हो सकता, उन्हीं सरल-
हृदय, सौजन्यमूर्त्ति, धर्मप्राण,
सौम्य और कर्मठ समाज-
सेवक, जोवन-निर्माता,
परमपूज्य पितृदेव

**श्री भैरूंदानजी नाहटा**

की स्वर्गीय
आत्मा
को
सादर समर्पित

विनीत
भँवरलाल नाहटा

# दो शब्द

श्री भँवरलाल नाहटा ने 'समयसुन्दर रासपचक' का सपादन कर एक बड़ा उपयोगी कार्य किया है। सपादक ने प्रारम्भ मे पाँचो रासों का सार प्रस्तुतकर प्रस्तुत ग्रन्थ को हिन्दी पाठकों के लिए भी सहज ही बोधगम्य बना दिया है। अन्त मे रासपचक मे प्रयुक्त देशी सूची भी दे दी गई है।

जैन साधु-सन्तों ने लोक-साहित्य की रक्षा के लिए जो महत्त्वपूर्ण कार्य किया, वह अनुपम है। उपदेश देते समय जैन साधु अनेक दृष्टान्त-कथाओं का प्रयोग किया करते थे, जिससे उपदेशों की छाप श्रोताओं के मन पर चिराकित हो सके। ऐसी अनेक दृष्टान्त-कथाएँ प्रस्तुत रास-पचक मे प्रयुक्त हुई है।

महोपाध्याय समयसुन्दर द्वारा विरचित इन पाँचो रासों का मेरी दृष्टि मे एक विशेष महत्त्व है। इन रासों मे जिन लोक-कथाओं का समावेश हुआ है, वे मूल अभिप्रायों ( Motives ) की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध हैं। सर्वप्रथम रास 'सिंहलसुत चौपई' मे काष्ठ-पट्ट के सहारे धनवती द्वारा समुद्र-तट प्राप्त करने का उल्लेख हुआ है। लोक-कथाओ और कथा-

काव्यों मे इस अभिप्राय का प्रचुर प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। जायसी के पद्मावत मे भी इस कथानक-रूढि का प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार मुद्रिका को पानी मे खोलकर राजकुमारी पर छिडकना, उसे पिलाना और उसका सचेत होकर उठ बैठना 'जादू की वस्तुएँ' ( Magical Articles ) नामक प्ररूढि के अन्तर्गत समझना चाहिए। इसी प्रकार अद्भुत कथा जो प्रति दिन खखेरने पर सौ रुपये देती थी तथा आकाशगामिनी खटोली भी इसी अभिप्राय की निदर्शिका है। साँप द्वारा कुमार को कुब्जा और कुरूप बना देना अनायास ही महाभारत के नलोपाख्यान का स्मरण करा देता है, जहाँ कुरूप बना देना विपत्ति-रक्षा के साधन के रूप मे गृहीत हुआ है।

इस रास मे 'मौन भग' नामक प्ररूढि (Motive) का प्रयोग भी बहुत ही कुतूहलवर्धक हुआ है। वामन थोडी-सी कथा कह कर शेष कथा दूसरे दिन पर स्थगित कर देता है, जिससे क्रमशः तीनो स्त्रियाँ बोल उठती है। 'वल्कलचीरी' मे श्वेत केश की रूढि का प्रयोग हुआ है। रामचरित मानस के दशरथ भी जब हाथ मे दर्पण लेकर अपना मुँह देखकर मुकुट को सीधा करते है तो उन्हें जान पडता है कि उनके कानों के पास बाल सफेद हो गये है मानो वे यह उपदेश देते है कि अब वृद्धत्व आ गया है—इसलिए हे राजन्! श्री रामचन्द्रजी को युवराजपद देकर अपने जीवन और जन्म का लाभ क्यों नहीं लेते?

*श्रवन समीप भए सित केसा। मनहुँ जरठपन अस उपदेसा॥*
*नृप जुबराजु राम कहुँ देहू। जीवन जनम लाहु किन लेहू॥*

चम्पक सेठ सम्बन्धी रास मे साधुदत्त भावी की अमिटता के सम्बन्ध में एक दृष्टान्त सुनाता है, किन्तु इसके विपरीत वृद्धदत्त की मान्यता है कि उद्यम के आगे भावी कुछ नहीं। इस सम्बन्ध मे वह भी एक दृष्टान्त सुनाता है और यह सिद्ध करने का प्रयत्न करता है कि उद्यम का आश्रय लेकर विधाता के लेख मे भी मेख मारी जा सकती है, किन्तु आगे की कथा से स्पष्ट है कि वृद्धदत्त विधि के विधान को टाल नहीं सका। चम्पक के मारने के प्रयत्न मे वह स्वय मृत्यु का शिकार हो जाता है। इस रास मे 'भाग्य-लेख' नामक प्ररूढि के साथ-साथ 'मृत्यु-पत्र' नामक मूल अभिप्राय का भी बडा सार्थक और समीचीन प्रयोग हुआ है। चपक के 'पूर्व जन्म वृत्तान्त' मे जर्जर दीवाल की कथा कही गई है, जो बाल-कथाओ की सुपरिचित प्रश्नोत्तरकी माला-शैली मे वर्णित है। इसी वृत्तान्त मे कपटकोशा वेश्या की चतुराई का चित्रण हुआ है, जिसे पढ कर राजस्थानी की निम्नलिखित पद्यमयी लोकोक्ति का स्मरण हो आता है—

*साहण हँसी साह घर आयो, विप्र हँस्यो गयो धन पायो।*
*तूं के हँस्यो रै वरड़ा भिखी, एक कला मैं अधकी सीखी॥*

धनदत्त श्रेष्ठी तथा पुण्यसार विषयक रास भी अपने ढग के सुन्दर रास है।

लोक-कथाओं के मूल अभिप्रायों, तत्कालीन भाषा तथा देशी ढालों के अध्ययन की दृष्टि से इन रासों का विशेष महत्त्व है। इन रासों के सम्पादन के लिए श्री भँवरलालजी नाहटा बधाई के पात्र हैं।

पिलानी
३०-४-६१

कन्हैयालाल सहल
प्रिंसिपल बिड़ला आर्ट्स कालेज, *पिलानी*

महोपाध्याय समयसुन्दरजी की हस्तलिपि

# प्रस्तावना

भारतीय वाङ्मय की गौरव वृद्धि करने वाले महान् कवियों मे राजस्थान के उच्च कोटि के सन्त और साहित्यकार महोपाध्याय समयसुन्दर का स्थान बड़ा ही महत्वपूर्ण है। सस्कृत मे उनके मौलिक व वृत्तिपरक अनेक ग्रन्थ है उनमें 'अष्टलक्षी' तो विश्व साहित्य का अजोड ग्रथ है, जिसमें "राजानो ददते सौख्यम्" इन आठ अक्षरों वाले वाक्य के दस लाख से अधिक अर्थ करके सम्राट् अकबर व उसकी विद्वत् परिषद को चमत्कृत किया था। राजस्थानी एव गुजराती भाषा मे भी आपके रचित काव्यों की सख्या प्रचुर है। सीताराम चौपई जैसे जैन रामायण काव्य की ३७५० श्लोकों मे आपने रचना की थी। नलदमयन्ती, मृगावती, साब-प्रद्युम्न, थावच्चा, ४ प्रत्येक बुद्ध आदि अनेक भाषा काव्यों का निर्माण किया था। आपकी ५६२ लघु रचनाओं का सग्रह हमने अपनी "समयसुन्दर कृति कुसुमाञ्जलि" मे प्रकाशित किया है। उक्त ग्रन्थ मे आपकी जीवनी व रचनाओं के सम्बन्ध मे विस्तृत प्रकाश डाला गया है इसलिए यहाँ अधिक लिखना अनावश्यक है। सक्षेप मे आपका जन्म मारवाड प्रदेश के साचौर नामक जैन तीर्थ स्थान मे पोरवाड रूपसी की भार्या लीलादेवी की कुक्षि से स० १६१५ के आसपास हुआ था। आप लघुवय में

ही युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी के करकमलों से दीक्षित हुए, आपके गुरुश्री का नाम सकलचन्द गणि था। स० १६४१ से सं० १७०० तक आप अनवरत साहित्य साधना करते रहे। स० १६४६ मे सम्राट् अकबर के काश्मीर प्रयाण के समय एकत्रित विस्तृत सभा में अपना अष्टलक्षी ग्रथ विद्वज्जन समक्ष रखकर सबको आश्चर्यान्वित कर दिया था। इसी वर्ष फाल्गुन शुक्ला २ के दिन आपको वाचनाचार्य पद युगप्रधान श्रीजिनचद्र-सूरिजी ने दिया। स० १७७१ मे लवेरा मे आचार्य श्रीजिनसिंह सूरिजी ने आपको उपाध्याय पद से अलकृत किया था। राज-स्थान, गुजरात, सिन्ध आदि मे आपने विहार करके कई राजाओं एव शेख मकनुम आदि को प्रतिबोध देकर पचनदी के मत्स्य एवं गौहत्या का निषेध कराया था। वादी हर्षनन्दन आदि आपके ४२ विद्वान शिष्य थे, जिनकी शिष्य सतति अद्यावधि विद्यमान है। स० १७०२ चैत्र शुक्ला १३ को अह-मदाबाद मे आपका स्वर्गवास हुआ।

कथा कहानी के प्रति मानव का सहज आकर्षण आदिकाल से ही रहा है और इसी बात को लक्ष्य मे रखकर धर्म प्रचारको ने भी कथा साहित्य को अपने उपदेश का माध्यम बनाया और जनता मे धर्म-सदाचार और नीति का विशद प्रचार किया। जैन विद्वानों ने परम्परानुगत पौराणिक और लोककथाओं को प्रचुरता से अपनाया। प्रस्तुत ग्रंथ मे कविवर समयसुन्दर के रचित पाँच राजस्थानी कथा काव्यों को प्रकाशित किया जा

रहा है। इनमें कुछ तो प्राचीन जैन ग्रन्थों से आधारित है एव कुछ लोक कथाएँ भी है। सिंहल सुत-प्रियमेलक तीर्थ की कथा सम्बन्धी यह काव्य स० १६७२ मेडता में जेसलमेरी श्रावक कचरा के मुलतान मे किये गए आग्रह के अनुसार दान-धर्म के माहात्म्य पर कौतुक के लिए रचे जाने का कवि ने उल्लेख किया है। दूसरी कथा वल्कलचीरी की है, यह बौद्ध जातक एव महाभारत मे भी ऋषिश्रृङ्ग के नाम से प्राप्त है। स० १६८१ मे जेसलमेर मे मुलतान निवासी जेसलमेरी साह कर्मचन्द्र के आग्रह से कवि ने इस कथा-काव्य का निर्माण किया है। तीसरी चम्पक सेठ की कथा अनुकम्पा दान के माहात्म्य के सम्बन्ध मे स० १६९५ जालोर मे शिष्य के आग्रह से रची गयी थी, यह चौपाई दो खण्डो में विभक्त है इसके बीच मे स० १६८७ के दुष्काल का आँखो देखा वर्णन भी कवि ने सम्मिलित कर दिया है। चौथी कथा धनदत्त सेठ की व्यवहार शुद्धि या नीति के प्रसङ्ग से स० १६९६ आश्विन महीने मे अहमदाबाद मे रची गई है। पाँचवीं पुण्यसार चरित्र चौ० पुण्य के माहात्म्य को बतलाने के लिए स० १६७३ मे शान्तिनाथ चरित्र से कविवर ने निर्माण की है। हमने इस सग्रह में पाँचों लघुकृतियों को प्राचीन व शुद्ध प्रतियों से उद्धृत किया है। जो हमारे अभय जैन ग्रन्थालय में सरक्षित है और उनकी प्रशस्तियाँ भी प्रान्त में दे दी है। वल्कलचीरी चौ० की एक प्रति कविवर के स्वय लिखित श्री पूरणचन्द्रजी

नाहर के सग्रह में है, जिसका हमने अपने आदरणीय मित्र श्री विजयसिहजी नाहर के सौजन्य से इसमे उपयोग किया है, एव पुण्यसार चौ० की एक प्रति बीकानेर की सेठिया लाइब्रेरी मे है, जिसके पाठान्तरों का उपयोग कर पुष्पिका यहाँ साभार उद्धृत की जाती है :—

*संवत् १७२९ प्रमिते कार्त्तिक मासे कृष्ण नवम्या तिथौ महोपाध्यायजी श्री श्री ५ समयसुन्दरजी शिष्य वाचनाचार्य श्री मेघविजयजी तत् शिष्य वाचनाचार्य श्रीहर्षकुशलजी तत् शिष्य पण्डित प्रवर हर्षनिधान गणि तत् शिष्य हर्षसागर मुनि लिखित। प० नयणसी प्रतापसी पठनार्थम् ॥*

इन रासो मे सिहलसुत चौ० आदि का अत्यधिक प्रचार रहा है और उसकी अनेक सचित्र प्रतियाँ भी उपलब्ध है। महाकवि समयसुन्दर की कृतियाँ अत्यन्त लोकप्रिय है, उनकी भाषा सरल और प्रासाद गुणयुक्त है। पाठको से अनुरोध है कि वे मूल कृतियो का रसास्वादन करे। पाँचो रासो का कथासार भी आगे के पृष्ठो मे प्रकाशित किया जा रहा है। पूर्व योजनानुसार इस सग्रह मे कविवर के तीन रास ही देने अभीष्ट थे पर पीछे से दो रास और दे दिये गए। अत. पृष्ठ बढ जाने से लोक कथाओ के तुलनात्मक अध्ययन एव कठिन शब्दकोश आदि देने का लाभ सवरण कर लेना पडा है, इसके लिए आशा है पाठकगण क्षमा करेंगे।

—भंवरलाल नाहटा

# (१) सिंहलसुत चौ० का कथासार

सिंहलद्वीप के नरेश्वर सिंहल की रानी सिंहली का पुत्र सिंहलसिंह कुमार सूरवीर गुणवान और पुण्यात्मा था। वह माता पिता का आज्ञाकारी, सुन्दर तथा शुभ लक्षण युक्त था। एक बार बसत ऋतु के आने पर पौरजन क्रीडा के हेतु उपवन मे गए, कुमार भी सपरिकर वहाँ उपस्थित था। एक जगली हाथी उन्मत्त होकर उधर आया और नगरसेठ धनदत्त की पुत्री जो खेल रही थी, अपने सुण्डादण्ड मे ग्रहण कर भागने लगा। कुमारी भयभीत होकर उच्च स्वर से आक्रन्द करने लगी—मुझे बचाओ! बचाओ! यह दुष्ट हाथी मुझे मार डालेगा हाय! माता पिता कुलदेवता स्वजन सब कहाँ गये, कोई चाँदनी रात्रि का जन्मा सत्पुरुष हो तो मुझे बचाओ! राजकुमार सिहलसिंह ने दूर से विलापपूर्ण आक्रन्द सुना और परोपकार बुद्धि से तुरन्त दौडा हुआ आया। उसने बुद्धि और युक्ति के प्रयोग से कुमारी को उन्मत्त गजेन्द्र की सूंड से छुडा कर कीर्तियश उपार्जन किया।

सेठ ने कुमारी की प्राण रक्षा हो जाने पर बधाई बाँटनी शुरू की। राजा भी देखने के लिए उपस्थित हुआ, सेठ ने कुमार के प्रति कुमारी का स्नेहानुराग ज्ञात कर धनवती को राजा के

सम्मुख उपस्थित किया और सर्व सम्मति से कुमार के साथ पाणिग्रहण करा दिया। सिंहलसिंह अपनी प्रिया धनवती के साथ सुखपूर्वक काल निर्गमन करने लगा।

राजकुमार जिस गली मे जाता उसके सौन्दर्य्य से मुग्ध हो नगर वनिताएँ गृह कार्य छोड कर पीछे पीछे घूमने लगतीं। पचो ने मिलकर सिंहल नरेश्वर से प्राथना की कि आप कुमार को निवारण करो अथवा हमे विदा दिलाओ! राजा ने कुमार का नगर वीथिकाओं मे क्रीडा करना बन्द कर महाजनो को तो सन्तुष्ट कर दिया पर कुमार के हृदय मे यह अपमान-शल्य निरन्तर चुभने लगा। कुमार ने भाग्य परीक्षा के निमित्त स्वदेश-त्याग का निश्चय किया और अपनी प्रिया धनवती के साथ अर्द्ध रात्रि मे महलो से निकल कर समुद्रतट पहुँचा। उसने तत्काल प्रवहणारूढ होकर परद्वीप के निमित्त प्रयाण कर दिया।

सिंहलकुमार का प्रवहण समुद्र की उत्ताल तरगो के बीच तूफान के प्रखर झोको द्वारा झकझोर डाला गया। भग्न प्रवहण के यात्रीगणो को समुद्र ने उदरस्थ कर लिया। पूर्व पुण्य के प्रभाव से धनवती ने एक पाटिया पकड लिया और जैसे तैसे कष्टपूर्वक समुद्र का तट प्राप्त किया। वह अपने हृदय मे नाना विकल्पों को लिये हुए उद्वेग पूर्वक बस्ती की ओर बढी। नगर के निकट एक दण्ड कलश और ध्वज-युक्त प्रासाद को देख कर किसी धर्मिष्ठ महिला से नगरतीर्थ का नाम ठाम पूछा। उसने कहा—

यह कुसुमपुर नगर है और यह विश्वविश्रुत प्रियमेलक तीर्थ है। यहा का चमत्कार प्रत्यक्ष है, यहाँ जो मौन तप पूर्वक शरण लेकर बैठती है उसके बिछुड़े हुए प्रियजन का मिलाप निश्चय पूर्वक होता है। धनवती भी निराहार मौनव्रत ग्रहण कर वहाँ पतिमिलन का सकल्प लेकर बैठ गयी।

इधर सिंहलकुमार भी सयोगवश हाथ लगे हुए लम्बे काष्ट खड के सहारे किनारे जा पहुँचा। आगे चल कर वह रतनपुर नगर मे पहुँचा, जहाँ के राजा रत्नप्रभ की रानी रतनसुन्दरी की पुत्री रत्नवती अत्यन्त सुन्दरी और तरुणावस्था प्राप्त थी। राजकुमारी को साँप ने काट खाया जिसे निर्विष करने के लिए गारुडी मत्र, मणि, औषधोपचार आदि नाना उपाय किये गये पर उसकी मूर्छा दूर नहीं हुई, अन्ततोगत्वा राजा ने ढढोरा पिटवाया। कुमार सिंहलसिंह ने उपकार बुद्धि से अपनी मुद्रिका को पानी मे खोल कर राजकुमारी पर छिडका और उसे पिलाया जिससे वह तुरन्त सचेत हो उठ बैठी। राजा ने उपकारी और आकृति से कुलीन ज्ञात कर कुमार के साथ राजकुमारी रत्नवती का पाणिग्रहण करा दिया रात्रि के समय रगमहल मे कोमल शय्या को त्याग कर धरती सोने पर रत्नवती ने इसका कारण पूछा। कुमार यद्यपि अपनी प्रिया के वियोग मे ऐसा कर रहा था पर उसे भेद देना उचित न समझ कहा कि— प्रिये! माता पिता से बिछुडने के कारण मैंने भूमि-शयन व ब्रह्मचर्य का नियम ले रखा है। राजकुमारी ने यह

सुन उसके माता पिता की भक्ति की प्रशसा की। राजा को ज्ञात होने पर उसने कुमार का कुल वश ज्ञात कर पुत्री व जामाता के विदाई की तैयारी की। एक जहाज मे वस्त्र, मणि रत्नादि प्रचुर सामग्री देकर दोनो को विदा किया व साथ मे पहुचाने के लिए रुद्र पुरोहित को भी भेजा। जहाज सिंहलद्वीप की ओर चला।

रत्नवती के सौन्दर्य से मुग्ध होकर रुद्रपुरोहित ने सिंहलकुमार को अथाह समुद्र मे गिरा दिया और उसके समक्ष मिथ्या विलाप करने लगा। राजकुमारी ने यह कुकृत्य उसी दुष्ट पुरोहित का जान लिया। उसके आगे प्रार्थना करने पर रत्नवती ने कहा मै तो तुम्हारे वश मे ही हूँ अभी पति का बारिया हो जाने दो, कह कर पिण्ड छुडाया। आगे चलने पर समुद्र की लहरो मे पडकर प्रवहण भग्न हो गया। कुमारी ने तख्ते के सहारे तैर कर समुद्रतट प्राप्त किया और प्रियमेलक यक्ष का भेद ज्ञात कर जहाँ आगे धनवती बैठी थी, रत्नवती ने भी जा कर मौनपूर्वक आसन जमा दिया। पापी पुरोहित भी जीवित बच निकला और उसने कुसुमपुर आकर राजा का मत्रिपद प्राप्त कर लिया।

सिहलकुमार को समुद्र मे गिरते हुए किसीने पूर्व पुण्य के प्रभाव से ग्रहण कर लिया और उसे तापस आश्रम मे पहुँचा दिया। शुभ लक्षण वाले कुमार को देख कर हर्षित हुए तापस ने अपनी रूपवती नामक पुत्री के साथ पाणिग्रहण करा दिया।

करमोचन के समय कुमार को एक ऐसी अद्‌भुत कथा दी जो प्रति दिन खखेरने पर सौ रुपये देती थी, इसके साथ एक आकाश-गामिनी खटोली भी दी, जिस पर बैठकर स्वेच्छानुसार जा सके। कुमार अपनी नव परिणीता पत्नी* के साथ खटोली पर आरूढ हो गया, खटोली ने उसे कुसुमपुर के निकट ला उतारा। रूपवती को धूप और गरमी के मारे जोर की प्यास लग गई थी। अत कुमार जल लाने के लिये अकेला गया। ज्योही वह जलकूप के निकट पहुँच कर पानी निकालने लगा एक भुजग ने मनुष्य की भाषा मे अपने को कुए मे से निकाल देने की प्रार्थना की। कुमार ने उसे लम्बा कपडा डालकर बाहर निकाला। साँप ने निकलते ही उसपर आक्रमण कर काट खाया जिससे कुमार कुब्जा और कुरूप हो गया। कुमार के उपालम्भ देने पर साँप ने कहा—बुरा मत मानो, इसका गुण आगे अनुभव करोगे। तुम्हारे मे सकट पडने पर मै तुम्हे सहाय करूँगा। कुमार सविस्मय जल लेकर अपनी प्रिया के पास आया और उसे जल पीकर प्यास बुझाने का कहा। रूपवती ने कुब्जे के रूप मे पति को न पहिचान कर पीठ फेर ली और तुरन्त वहाँ से प्यासी ही चल दी। उसने इधर-उधर घूम कर सारा वन छान डाला, अन्त मे पति के न मिलने पर निराश होकर वहीं जा पहुँची जहाँ प्रियमेलक तीर्थ की शरण लेकर दो तरुणियाँ बैठी थीं। रूपवती भी उसके पास जाकर मौन तपस्या करने लगी।

सिंहलकुमार कथा और खाट कहीं छोड कर नगरी की शोभा देखता हुआ घूमने लगा, उसने अपनी तीनों प्रियाओ को भी तपस्यारत देख लिया। कुछ दिन बाद यह बात सर्वत्र प्रचलित हो गई कि तीन महिलाएँ न मालूम क्यों मौन तपश्चर्या मे लगी हुई है, जिन्होंने सौन्दर्य्यवती होते हुए भी तप द्वारा देह को कृश बना लिया है। यह वृन्तान्त सुनकर राजा के मन मे उन्हें बोलाने की उत्सुकता जगी। नरेश्वर ने नगर मे ढिंढोरा पिटाया कि जो इन तरुण तपस्विनियों का मौन भग करा देगा उन्हें मैं अपनी पुत्री दूँगा। घूमते हुए वामनरूपी सिंहलकुमार ने पटह स्पर्श किया। राजा के पास ले जाने पर वामन ने दूसरे दिन प्रातःकाल युवतियों को बोलाने की स्वीकृति दी। दूसरे दिन राजा, मत्री, महाजन आदि सब लोग प्रियमेलक तीर्थ के पास आकर जम गये। वामन ने कोरे पन्ने निकाल कर बाँचने का उपक्रम करते हुए कहा कि ये अदृश्याक्षर है। राजा आदि आश्चर्यपूर्वक सावधानी से सुनने लगे। वामन ने कहा—सिंहलकुमार अपनी प्रिया के साथ प्रवहणरूढ होकर समुद्र यात्रा करने चला, मार्ग मे तूफान के चक्कर मे प्रवहण भग्न हो गया। इतनी कथा आज कही आगे की बात कल कहूँगा। धनवती ने कहा—आगे क्या हुआ ? वामन ने कहा—राजन ' देखिये यह बोल गयी।

दूसरे दिन फिर सबकी उपस्थिति मे वामन ने कोरे पन्नों को बाँचते हुए कहा—"काष्ठ का सहतीर पकडकर कुमार

रतनपुर नगर पहुँचा, वहाँ उसने राजकुमारी रत्नवती से ब्याह किया फिर वहाँ से विदा होकर आते समय मार्ग मे पापी पुरोहित ने कुमार को समुद्र मे गिरा दिया।" उसने पोथी बाँधते हुए कहा आज का सम्बन्ध इतना ही है, आगे का सुनना हो तो कल आना। रत्नवती ने उत्सुकतावश कहा—"हाथ जोड़ती हूँ पण्डित आगे का वृतान्त कहो।" इस प्रकार दूसरी भी सब लोगों के समक्ष बोल गयी।

दूसरे दिन प्रातःकाल फिर लाखो की उपस्थिति मे वामन ने पुस्तक वाचन प्रारम्भ किया। उसने कहा—कुमार को जल मे गिरते हुए किसी ने ग्रहण कर लिया फिर उसे तापस ने अपनी कन्या रूपवती को परणाई। वे दोनो दम्पति खटोलडी मे बैठ कर यहाँ आये, कुमार जल लेने के निमित्त कुएँ पर गया जिस पर वहाँ साँप ने आक्रमण किया इस प्रकार यह तीनो बातें हुईं। वामन के चुप रहने पर रूपवती से चुप नहीं रहा गया, उसने भी आगे का वृतान्त पूछा। वामनने कहा—राजन! अब तीनों स्त्रियाँ बोल चकीं मुझे कुसुमवती देकर अपना वचन निर्वाह करो। राजा ने वचन के अनुसार घर आकर चौरी माडकर विवाह की तैयारी की। वामन और राजकुमारी के सम्बन्ध से खिन्न होकर औरतों के गीत गान मे अनुद्यत रहने पर आगे का वृतान्त जानने की उत्सुकता से तीनों कुमारपत्नियाँ विवाह मण्डप मे जाकर गीत गाने लगीं। करमोचन के समय

उल्लासरहित साले ने कहा— साँप लो। कुमार ने कुएँ के साँप को याद किया, उसने आते ही कुमार को डस दिया, जिससे वह मूर्छित हो गया। अब वे सब कन्याएँ मरने को उद्यत होकर कहने लगीं—हम भी इसके साथ ही मरेंगी, हमें इन्हीं का शरण है। इतने में देव ने प्रगट होकर कुमार को अपने असली रूप में प्रगट कर दिया, सब लोग इस नाटकीय पटपरिवर्तन को देखकर परम आनन्दित हुए। कुसुमवती को अपार हर्ष था, अपने पति को पहचान कर चारों पत्नियाँ विकसित कमल की भाँति प्रफुल्लित हो गई। अब कुसुमवती का व्याह बड़े धूम-धाम से हुआ और कुमार सिंहलसिंह अपनी चारों पत्नियों के साथ आनन्दपूर्वक काल निर्गमन करने लगा। कुमार ने देव से पूछा—तुम कौन हो और निष्कारण मेरा उपकार कैसे किया? देव ने कहा—मैं नागकुमार देव हूँ, मैंने ही तुम्हें समुद्र में डूबते को बचाकर आश्रम में छोड़ा, तुम्हें कुब्जे के रूप में परिवर्त्तन करने वाला भी मैं हूँ। तुम्हारे पूर्व पुण्य तथा प्रबल स्नेह के कारण मैं तुम्हारा सान्निध्यकारी बना। कुमार के पूछने पर देव ने पूर्व भव का वृतान्त बतलाना प्रारम्भ किया।

## पूर्व जन्म वृत्तान्त

धनपुर नगर में धनजय नामक सेठ और उसके धनवती नामक सुशीला पत्नी थी। एक बार मासक्षमण तप करने वाले त्यागी वैरागी निर्ग्रन्थ मुनिराज के पधारने पर धनदेव ने उन्हें

सत्कारपूर्वक अन्न जलादि वहोराया जिसके पुण्य प्रभाव से वह मर कर महर्द्धिक नागकुमार देव हुआ। धनदत्तके भी भावपूर्वक मुनिराज को सेलडी ( ईख ) का रस दान करते हुए तीन वार भाव खण्डित हुआ और मर कर तुम सिंहलसिंह हुए। तीन वार परिणाम गिरने से तुम समुद्र मे गिरे फिर वहराते रहने से स्त्रियो की प्राप्ति हुई। तुम्हें कुरूप वामन करने का मेरा यह उद्देश्य था कि अधम पुरोहित तुम्हें पहिचान कर मारने का प्रयत्न न करे। सिंहलसिंह कुमार को अपना पूर्व भव सुनकर जातिस्मरण ज्ञान हो आया जिससे अपना पूर्व भव वृतान्त उसे स्वय ज्ञात हो गया। राजा ने पुरोहित पर कुपित हो उसे मारने की आज्ञा दी, कृपालु कुमार ने उसे छुड़ा दिया।

अब कुमार के हृदय मे माता-पिता के दर्शनो की उत्कण्ठा जागृत हुई, उसने श्वसुर से विदा मागी और उडनखटोली पर आरूढ हो चारो पत्नियों को चारो ओर तथा मध्य मे स्वय विराजमान हो आकाशमार्ग से सत्वर अपने देश लौटा। माता-पिता के चरणो मे उपस्थित होकर उन सबका वियोग दूर किया। चारो बहुओ ने सासू के चरणो मे प्रणाम कर आशीर्वाद पाया। राजा ने कुमार को अपने सिंहासन पर अभिषिक्त कर स्वय योग-मार्ग ग्रहण किया।

राजा सिंहल सुत ( सिंह ) श्रावक व्रत को पालन करता हुआ न्याय पूवक राज्य करने लगा। उसने उत्साह पूर्वक धर्म

कार्य करने मे अपना जीवन सफल किया। जिनालय निर्माण, जीर्णोद्धार, शास्त्र लेखन, साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका की भक्ति, औषधालय निर्माण, दानशाला तथा साधारण द्रव्य इत्यादि दसो क्षेत्रो मे प्रचुर द्रव्य व्यय किया। दिनोंदिन अधिकाधिक धर्म ध्यान करते हुए गृहस्थ धर्म का चिरकाल पालन कर आयुष्य पूर्ण होने पर समाधिपूर्वक मरकर सौधर्म देवलोक मे उत्पन्न हुआ वहाँ से च्यव कर महाविदेह क्षेत्र मे उत्पन्न होकर मोक्ष पद प्राप्त करेगा।

# (२) वल्कलचीरी

भगवान पार्श्वनाथ, सद्गुरु और सरस्वती को नमस्कार कर पापों का नाश करने के हेतु कविवर समयसुदर वल्कल-चीरी केवली की चौपई का निर्माण करते है।

मगध देश का राजगृह नगर अत्यन्त समृद्धिशाली था। यहाँ भगवान महावीर ने १४ चातुर्मास किये। यहीं धन्ना, शालिभद्र, नन्दन मणिहार, कयवन्ना सेठ, जबू स्वामी, मेताय मुनि, महाराजा श्रेणिक, अभयकुमार आदि महापुरुष हुए है, गौतम स्वामी की निर्वाणभूमि भी यहीं है। एक बार भगवान महावीर राजगृह के गुणशील चैत्य में समवसरे। वनपालक से वधाई पाकर श्रेणिक महाराजा भगवान को वन्दनार्थ चला। उसने मार्ग में एक महामुनि के दर्शन किये जो एक पैर के सहारे

दोनों हाथ ऊँचा किये सूर्य के समक्ष खड़े तपश्चर्या कर रहे थे। सुमुख और दुमुख नामक श्रेणिक के दो राजदूत उधर से निकले। सुमुख ने मुनिराज के त्याग वैराग्य की बडी भारी प्रशसा-स्तुति की तो दुमुख ने कहा—यह कायर और पाखंडी है, अपने बालक पुत्र को राजगद्दी देकर स्वय तपश्चर्या का ढोंग करता है! अब शत्रु लोग मौका पाकर आक्रमण करेंगे और इसके पुत्र को मार कर रानियों को बदी कर लेंगे। इससे यह निःसन्तान होकर दुर्गति का भाजन होगा!

दुमुख के वचन सुनकर मुनिराज के हृदय मे पुत्र मोह जगा और उमके मनः परिणाम, रौद्र ध्यान मे लीन हो गए, वह मन ही मन शत्रुओं के साथ सग्राम करने लगा। श्रेणिक ने हाथी से उतर कर मुनिराज को वन्दन किया और वहाँ से समवशरण में आकर भगवान का उपदेश सुनने लगा। उसने भगवान से पूछा—मैने मार्ग मे जिस उग्र तपस्वी राजर्षि को वन्दन किया, वह यदि अभी मरे तो किस गति में जावे? भगवान ने कहा—सातवीं नरक। श्रेणिक के मन मे सन्देह हुआ और क्षणान्तर मे फिर प्रश्न किया तो भगवान ने उत्तर दिया—सर्वार्थसिद्ध! श्रेणिक ने साश्चर्य कारण पूछा तो भगवान ने कहा दुमुख के वचनों से रौद्र ध्यान में चढ कर जब वह मानसिक सग्राम रत था तो उसके परिणाम नरकगामी के थे पर जब उसे अपने लोच किये हुए सिर का ख्याल आया तो पश्चात्ताप पूर्वक शुभ ध्यान में आरूढ़ हो गया और भावनाओं

के बल से अशुभ कर्मों को खपा कर इस समय वह अपने आत्म ध्यान मे तल्लीन हो रहा है! श्रेणिक ने पूछा—भगवन्! राजर्षि ने बालक को राज्य देकर किस लिए प्रव्रज्या स्वीकार की? भगवन् ने फरमाया—

पोतनपुर के राजा सोमचद और उनकी राणी का नाम धारिणी था। एक बार राजा रानी महल मे बैठे हुए थे। रानी प्रेमपूर्वक राजा का मस्तक सहला रही थी तो उसने एक श्वेत केश देखकर कहा—देव! देखिये, दूत आ गया है! राजा ने जब इधर उधर देखकर किसी दूत को न पाया तो रानी से दूत का रहस्य पूछा रानी ने श्वेत केश दिखाते हुए कहा—यह देखिये, जम का दूत! राजा का हृदय जागृत हो गया, उसने कहा—मेरे पूर्वजो ने तो श्वेत केश आने से पहिले ही राज पाट त्याग कर दीक्षा स्वीकार कर ली थी पर खेद है कि मैं अभी तक मोह माया मे फँसा हुआ हूं। क्या करूँ अभी पुत्र प्रसन्नचद्र छोटा है। अतः तुम उसके पास रहो, मैं तो वनवासी बनूँगा! रानी ने कहा—मैं तो आपके साथ ही छाया की तरह रहूँगी! पुत्र राजसुख भोगता रहे! अत मे राजा सोमचद्र और धारिणी ने पुत्र को राजगद्दी पर बैठा कर स्वय तापसी दीक्षा स्वीकार कर ली वे तपसाश्रम की कुटिया मे रहने लगे। रानी इधन लाती, गोबर से कुटिया मे लीपन करती। राजा वन-व्रीहि लाता और रानी तृणों की शय्या बिछाती, इस तरह दोनों कठिन तप करते हुए वन में रहते।

आश्रम में रहते हुए सोमचद्र ने जब रानी धारिणी को गर्भवती देखकर उसका कारण पूछा तो रानी ने कहा—मेरे गृहस्थावस्था में ही गर्भ था पर दीक्षा लेने मे अन्तराय पड़ने के भय से मैंने उसे अप्रकट रखा। गर्भकाल पूर्ण होने पर धारिणी ने पुत्र प्रसव किया और तत्काल बीमार होकर मर गई। वल्कलवस्त्र मे लपेटा हुआ होने से पिता ने उसका 'वल्कलचीरी' नाम दिया। कुछ दिन तक तो धाय माता ने उसका लालन पालन किया पर जब वह भी काल प्राप्त हो गई तो पिता ने उसे भैंस का दूध, वनफल और बिना बोये हुए अन्न से पाल पोष कर बडा किया। वल्कलचीरी मृगशावकों के साथ खेलता, पढता-लिखता और पिता की सेवा किया करता। वह तरुण हो जाने पर भी भोला-भाला ब्रह्मचारी था, स्त्री जाति क्या होती है ? यह भी उसे मालूम नहीं था।

राजा प्रसन्नचद्र ने जब सुना कि धारिणी माता पुत्र प्रसव करने के बाद दिवगत हो गई और मेरा भाई अब तरुण हो गया है तो उसका हृदय भ्रातृ स्नेह से अभिभूत हो गया। वह उसे देखने के लिए उत्कण्ठित हुआ। उसने चित्रकारों को आश्रम मे भेज कर वल्कलचीरी का चित्रपट बनवा कर मँगाया। जब चित्रकारो ने उसका चित्र राजा को लाकर दिया तो उस सुन्दर तरुण भ्राता के चित्र को हृदय से लगाकर विचार करने लगा कि पिताजी तो वृद्धावस्था मे वैराग्यपूर्ण हृदय से दुष्कर तप करते हैं पर मेरा छोटा भाई इस तरुण अवस्था में

जंगल में कष्ट पाता है और इधर मैं राज्य ऋद्धि भोगता हूँ अतः मुझे धिक्कार है। उसने भाई को नगर में बुलाने के लिए कई वेश्याओं को आज्ञा दी कि तुम लोग तापस-वेश करके आश्रम में जाओ और अपने हाव-भाव, कला-विलास से आकृष्ट कर मेरे भाई वल्कलचीरी को शीघ्र यहाँ ले आओ।

तरुणी वेश्याए बील, फलादि लेकर तापसाश्रम पहुँची। वल्कलचीरी ने अतिथि आये जान कर उनका स्वागत करते हुए पूछा कि आप लोग किस आश्रम से आये हैं? उन्होंने कहा हम लोग पोतन आश्रम मे रहते है। जब वल्कलचीरी ने उन्हें वन-फल खाने को दिये तो उन्होंने अपने लाए हुए फल उसे देते हुए कहा कि—देखो हमारे आश्रम के ये स्वादिष्ट फल है, तुम तो निरस फल खाते हो। वल्कलचीरी ने उनकी सुकुमार देह पर हाथ लगाया और पूछा कि तुम्हारे हृदयस्थल पर ये बील की तरह सुकोमल सुस्पर्श क्या है? वेश्याओं ने कहा— हमारे आश्रम का सुकुमाल स्पर्श और मधुर फल पुण्योदय से ही मिलता है। यदि तुम्हारी इच्छा हो तो हमारे आश्रम मे चलो। वल्कलचीरी मधुर फलों के स्वाद और अग स्पर्श से आकृष्ट हो कर पोतन आश्रम चलने के लिए प्रस्तुत हो गया। वेश्याओं ने नये वस्त्र पहिना कर उसके पहिने हुए वल्कल को वृक्ष पर टगा दिया एव सकेतानुसार आश्रम से निकल पड़े। वन में जब दूर से ऋषि सोमचद्र के आने का समाचार उन्होंने सुना तो भय के मारे वेश्याए भग गई।

तापसों (वेश्याओं) को न देख कर वल्कलचीरी भयभ्रान्त होकर वन में घूमने लगा, इतने ही मैं उसने एक रथी को देखा और उसे अभिवादन पूर्वक पूछा कि—तुम कहां जाओगे ? उसने कहा मैं पोतन जा रहा हूँ ! वल्कलचीरी भी पोतन-आश्रम जाने को उत्सुक तो था ही, अतः उससे अनुमति लेकर उसके साथ साथ चलने लगा।

वल्कलचीरी रथ के पीछे चलता हुआ रथी की स्त्री को तात ! तात !! कहकर पुकारने लगा। उसकी स्त्री ने जब इस व्यवहार पर आश्चर्य प्रगट किया तो रथी ने कहा—यह ऋषिपुत्र भोला है, इसने कभी स्त्री देखी नहीं है। इसके लिए तो सारा ससार ही तापस है। आगे चलकर वल्कलचीरी ने पूछा—बडे-बडे मृगों को मारते हुए इस मे क्यों चलाते हो ? तो रथी ने कहा—यह इनके कर्मों का दोष है, मैं क्या करूँ ? रथी ने ऋषिपुत्र को खाने के लिए लड्डू दिये तो उसके स्वाद से प्रसन्न होकर कहा—पोतन आश्रम के तापसों ( वेश्याओं ) ने भी मुझे ऐसे फल दिये थे। वल्कलचीरी जगल के निरस फलों से विरक्त हो गया और शीघ्र पोतन आश्रम पहुँचने के लिए उसके हृदय मे तालावेली लग गई। आगे चलकर एक चोर के साथ रथी की भिडन्त हो गई। रथी के वार से घायल चोर ने प्रसन्न होकर मरते हुए अपना सारा माल उसे दे दिया। पोतनपुर पहुँचने पर रथी ने धन का बँटवारा करते हुए वल्कलचीरी से कहा—तुम मेरे राह के मित्र हो, अपने हिस्से का यह धन

सभालो, क्योंकि यहाँ इसके बिना तुम्हें खान-पान या ठहरने को स्थान तक नहीं मिलेगा।

वल्कलचीरी पोतनपुर नगर की शोभा देखता हुआ इतस्ततः घूमने लगा। वह वहाँ की ऋद्धि समृद्धि देख कर मन मे करता इस आश्रम के लोग बड़े सुखी प्रतीत होते है। वह लोगों को देखकर तात ! तात ! कहता हुआ अभिवादन करता तो सब लोग उसके भोलेपन की बडी हसी उड़ाते। उसे घूमते घूमते सध्या हो गई पर कहीं रहने को आश्रय नहीं मिला अन्त मे वह एक वेश्या के यहाँ जा कर उसे बहुतसा द्रव्य देकर उसके यहाँ ठहरा। वेश्या ने नापित को बुलाकर उसके लम्बे लम्बे नख उतरवाये. जटाजूट को खोलकर सुगधित तेल और कघे द्वारा सुमस्कारित किए। स्नानादि से उसका शरीर निर्मल कर सुसज्जित किया। वल्कलचीरी के ना ना करने पर वेश्या ने कहा - यदि यहाँ रहना हो तो हमारा अतिथि सत्कार चुपचाप जैस कहते है, स्वीकार करो। वेश्या ने उसे वस्त्र आभरण पहिना कर अपनी पुत्री के साथ उसका पाणिग्रहण करा दिया। विवाह के सारे रीति रिवाज देखकर और वेश्यापुत्री के साथ शयनगृह मे जाते हुए भोले ऋषिकुमार ने पोतनपुर के अतिथि सत्कार को बड़ा ही आश्चर्यजनक अनुभव किया।

इधर जो वेश्याएँ तापस रूप मे आश्रम जाकर वल्कलचीरी को बहका लाई थी, वे सोमचन्द्र के भय से भग कर राजा के पास आई और सारा वृतान्त उससे कह सुनाया। राजा

प्रसन्नचन्द्र भाई के आश्रम से निकल कर नगर न पहुँचने के कारण बड़ा चिन्तित हुआ और शोकपूर्ण हृदय से रात्रि व्यतीत करने लगा। जब उसने गीत वाजित्र सुने तो कहा—मेरे शोकपूर्ण वातावरण मे यह जिसके घर गीत वाजित्र हो रहे है, उसे पकडकर लाओ! राजपुरुषों ने वेश्या को राजा के सामने उपस्थित किया। वेश्या ने मधुरवाणी से कहा—राजन! ज्योतिषी के वचनानुसार हमारे घर मे अनाहूत आये हुए ऋषिपुत्र के साथ मैंने अपनी पुत्री का विवाह किया है। मेरे घर मे उसी के सोहले गीत-वाजित्रादि मगलकृत्य किये जा रहे हैं। मुझे श्रीमान् के चिन्ता-शोक का बिल्कुल ज्ञान नहीं था, अतः क्षमा करें! राजाने अपने पास रहा हुआ चित्र दिखाकर विश्वस्त व्यक्तियों को उसे पहचानने के लिए भेजा। और अपने भाई की प्रतीति होने पर महोत्सवपूर्वक गजारूढ कर अपने पास राजमहल मे बुला लिया। राजाने उसे खान-पान रीति-रिवाज और गृहस्थ के सारे शिष्टाचार सिखाये और कई सुन्दर कन्याओं से विवाह करवा दिया। एक बार बाजार मे वल्कलचीरी के साथी रथी को चोर से प्राप्त आभरणों को बेचते हुए, आभरणों के वास्तविक स्वामी ने देखा और उसे गिरफ्तार करवा दिया तो वल्कलचीरी ने अपने मित्र रथी को पहिचान कर छुडवा दिया।

इधर आश्रम से वल्कलचीरी के एकाएक गायब हो जाने से राजर्षि सोमचन्द्र को अपार दुख हुआ। उनके तो वृद्धावस्था

में एक मात्र पुत्र का ही आधार था। पुत्र की चिन्ता में राजर्षि झुरते हुए अन्धे हो गए। अन्तमे जब दूसरे तापसों के मुखसे वल्कलचीरी के पोतनपुर पहुँचने के समाचार उन्हें ज्ञात हुए तो कुछ सन्तोष अनुभव किया। वृद्ध तपस्वी के लिये अन्य तापस लोग वनफल आदि पहुचा कर सेवा सत्कार कर देते थे।

वल्कलचीरी को पोतनपुर मे बारह वर्ष बीत गए, एक दिन रात्रि के समय वह जगकर अपना आश्रम जीवन स्मरण करने लगा। उसे अपने पिता की याद आ गई और वह अपने को कोटिशः धिक्कारता हुआ पश्चाताप करने लगा। उसने पुनः पिता की सेवा मे आश्रम जाने का अपना निश्चय, भाई प्रसन्नचन्द्र के समक्ष व्यक्त किया। दोनो भाई आश्रम के पास पहुच कर घोडे से उतर पडे। वल्कलचीरी आश्रम की सारी वस्तुओं को दिखाते हुए भाई को कहने लगा—यहाँ मैं वनफल इन्हीं वृक्षों से प्राप्त करता, इन्हीं भैसो को दूह कर पिता-पुत्र हम दूध पीते। इन्हीं मृगशावकों के साथ मैं खेलता हुआ समय निर्गमन करता था। इस प्रकार आश्रम की शोभा देखते हुए दोनो भाई राजर्षि सोमचन्द्र के पास जाकर चरणों मे गिरे। और अपने पुत्रो का परिचय प्राप्त होते ही राजर्षि का हृदय हर्षप्लावित हो गया और हर्षाश्रुओ के प्रवाह से उसके आँखों के पटल दूर हो गए। वे लोग परस्पर सारी बीती बातें और कुशलप्रसन्न पूछने लगे।

वल्कलचीरी ने एक कुटी मे जाकर तापसोपगरणों को देखा और उनका प्रतिलेखन करते हुए ऊहापोह पूर्वक जाति-स्मरण ज्ञान प्राप्त किया। उसे अपने मनुष्य और देव के भव स्मरण हो आये। उसे साधुपन के आदर्शका ध्यान*हुआ और उच्च आत्म भावना भाते हुए लोकालोक प्रकाशक केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। देवताओं ने प्रगट होकर साधुवेश दिया। वल्कलचीरी केवलीने प्रत्येकबुद्ध होकर पिता व भाई को प्रतिबोध दिया और स्वय अन्यत्र विहार कर गए। राजा प्रसन्नचन्द्र वैराग्यपूर्ण हृदय से पोतनपुर लौटे, उनके हृदय में ससार त्याग की प्रबल भावना थी।

भगवान् महावीर ने कहा—श्रेणिक! एक दिन हम पोतनपुर के उद्यान मे समौसरे प्रसन्नचन्द्र वदनार्थ आया और उपदेश श्रवणानन्तर अपने बाल पुत्र को राजगद्दी पर स्थापित कर स्वय हमारे पास दीक्षित हो गया। आर अब उग्र तपश्चर्या द्वारा अपनी आत्मा को तपसयम से भावित करता है। जब भगवान ने इतना कहा तो गगनागण में देव-दु दुभि सुनाई दी और देवताओं का आगमन हुआ। श्रेणिक द्वारा इसका कारण पूछने पर भगवानने फरमाया कि प्रसन्नचन्द्र राजर्षि को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है। श्रेणिक राजा ने साश्चर्य राजर्षि की प्रशसा करते हुए पुनः पुनः वन्दन किया। अन्त मे कविवर समयसुन्दर वल्कलचीरी मुनिराज के गुण गाते हुए मोक्ष सुख की कामना करते हैं।

# (३) चंपक सेठ

कविवर समयसुन्दर जालोर मण्डण पार्श्वनाथ और स्वर्णगिरि के भूषण महावीर भगवान को नमस्कार कर अपने माता पिता व दीक्षा-विद्या गुरु को नमनपूर्वक दान धर्म की विशेपता बताने के लिए चम्पकसेठ की चौपाई निर्माण करते हैं।

पूर्व देश मे चम्पापुरी नामक समृद्धिशाली नगरी थी जहाँ के ८४ चौहटे, सतमजिले आवास एव नगर के इतर वर्णन मे कवि ने २३ गाथाओं की ढाल लिखी है। इस नगरमे राजा सामन्तक राज्य करता था। इसी चम्पापुरी मे वृद्धदत्त नामक एक धनवान व्यापारी रहता था जिसके पास ६६ करोड स्वर्णमुद्राए थीं, पर वह एक पैसा भी खरच न कर कोठे में बन्द कर आठों पहर उसकी रक्षा करता था। सेठ के कौतुकदेवी स्त्री और तिलोत्तमा नामक सुन्दर पुत्री थी। उसके साधुदत्त नामक भाई था, जो सेठ के साथ ही रहता था। वृद्धदत्त सेठ घी, धान्य आदि का व्यापार करने के साथ खेती-बाडी, लेन-देन का भी धन्धा करता था पर उसकी शोषक वृत्ति इतनी प्रबल थी कि लोग प्रभात बेला मे उसका नाम तक लेना पसन्द नहीं करते। एक दिन स्वर्णमुद्राओं की रक्षा में सोये हुए सेठ को अर्द्धरात्रि के समय एक देव ने आकर चेतावनी दी कि सेठ! तुम्हारे धन का भोगने वाला उत्पन्न

हुआ है। तीन रात तक जब लगातार सेठ को यही सवाद मिला तो वह अपने कष्टोपार्जित द्रव्य को स्वय अपुत्रिया होने के कारण दूसरे द्वारा भोगने की बात जानकर अत्यन्त चिन्तातुर हुआ। उसने इसके भोगने वाले का पता लगाने के हेतु कुलदेवी की आराधना की और अन्नजल त्याग कर सो गया। सातवें दिन देवी ने प्रत्यक्ष होकर सेठ से पूछा कि तुमने मुझे क्यों आराधन किया। सेठ ने देवी से पूछा कि मेरा धन भोगने वाला कहाँ उत्पन्न हुआ है ? देवी—कम्पिलपुर के त्रिविक्रम वणिक के यहाँ पुष्पवती दासी की कुक्षि मे तुम्हारे धन का भोक्ता उत्पन्न हुआ है—बतला कर अदृश्य हो गई।

दूसरे दिन प्रातःकाल वृद्धदत्त पारणा करने के पश्चात् अपने भ्राता साधुदत्त से एकान्त मे इस विषय मे विचार विमर्श करने लगा। साधुदत्त ने कहा—देववाणी असत्य नहीं होती, कर्मों के आगे कोई जोर नहीं ! वृद्धदत्त ने कहा—भाग्य करोसे न बैठकर किसी भी उपाय से अपने द्रव्य की रक्षा करनी चाहिए। उद्यम, धैर्य्य, पराक्रम, बल साहस और बुद्धि के सामने देव भी भय खाते हैं, अतः पुरुषार्थ नहीं छोड़ना चाहिए ! साधुदत्त ने कहा—भाग्य के बिना उद्यम का कोई मूल्य नहीं, पपीहा तालाब का पानी पीता है तो गले मे से निकल जाता है ! अतः भावी को कोई मिटा नहीं सकता, मैं इस विषय मे एक दृष्टान्त सुनाता हूँ !

## भावी न टलसकने पर दृष्टान्त

रत्नस्थल नगर मे रतनसेन नामक राजा अत्यन्त प्रतापी था जिसका पुत्र रत्नदत्त ७२ कलाओं में निपुण और सुन्दर था। जब राजकुमार तरुणावस्था को प्राप्त हुआ तो राजा ने उसके योग्य कन्या की गवेषणा के लिए जन्मपत्री व चित्रपट देकर चारों दिशाओं में सोलह्-सोलह् व्यक्तियों को भेजा। अतः सभी लोग योग्य कन्या न पाकर वापस लौट आये, पर जो उत्तर दिशा मे गये उन्होने गगातटवर्त्ती चन्द्रस्थल के राजा चन्द्रसेन की पुत्री चन्द्रवती को कुमार के सर्वथा योग्य ग्यात कर सम्बन्ध पक्का कर लिया। राजा चन्द्रसेन ने जब उनका लग्न मुहूर्त्त दिखाया तो १६ दिन के बाद ही निकला। मत्री ने कहा घडी भर मे योजन भूमि उल्लघन करने वाले ऊँट को तय्यार कर तुम लोग जाओ, सात दिन जाने और सात दिन आने मे लगेंगे, तुरत वर को ले आवो ताकि विवाह् का मुहूर्त्त साध लिया जाय! वे पुरुष रत्नस्थल मे आये और राजाने तुरन्त कुमार को चन्द्रस्थल के लिए रवाना कर दिया। अब इधर जो घटना हुई वह बतलाता हूँ।

समुद्र के बीच चित्रकूट पर्वत पर लका नामक समृद्धिपूर्ण नगरी का स्वामी त्रिखण्डाधिप रावण राज्य करता था। एक दिन उसकी सभा मे एक नैमित्तिक आया, जिसे रावण ने पूछा कि मेरे जैसे शक्तिशाली का भी कोई घातक होगा? यदि भविष्य जानते हो तो बतलाओ! ज्योतिषी ने कहा—अयोध्या

के राजा दशरथ के यहाँ राम-लक्ष्मण पुत्र होंगे जो बड़े होने पर तुम्हें मारेंगे। उनके सिवा दूसरा तुम्हें कोई भय नहीं है, भावी को कोई मिटा नहीं सकता। इस बात की प्रतीति के लिए देखो आज से सातवें दिन रत्नस्थल के राजकुमार का विवाह चन्द्रस्थल की राजकुमारी चन्द्रवती से होगा यदि यह अन्यथा हो जाय तो तुम भी निर्भय हो सकते हो। रावण ने कहा—इसका क्या? यह तो अन्यथा करना बिलकुल आसान है। ज्योतिषी ने कहा—यदि मै झूठा पड़ा तो पचाग फाडकर अपनी जनोई तोड डालूँगा।

रावण ने ज्योतिषी की बात मिथ्या करने के लिए राक्षसों को भेजकर बरनोले घूमती हुई राजकुमारी को हरण कर अपने यहाँ मगा लिया। उसने दात की पेटी मे खान पान की सारी सामग्री सहित राजकुमारी को बन्द कर विद्यादेवी को आदेश दिया कि तुम तिमगली-मत्स्य का रूप कर अपने मुँह मे पेटी रख कर गगासागर के सगम पर रहो। सात दिन पूरे होने पर जब मैं तुम्हे याद करूँ तब आ जाना। तिमगली, रूपी देवी गंगासागर मे उर्द्ध मुख करके रहने लगी। कुमारी चन्द्रावती के भय और चिन्ता का कोई पारावार नहीं था। अब रावण ने तक्षक नाग को बुलाकर आदेश दिया कि रत्नदत्तकुमार जो चन्द्रस्थल के लिए रवाना हुआ है उसे जाकर तुरत सर्पदश द्वारा निर्जीव कर दो। वह भयकर विषधर कुमार को डस कर रावण के पास आया तो रावण ने ज्योतिषी को

बुलाकर कहा कि मैंने तुम्हारा कथन अन्यथा कर दिया है। ज्योतिषी ने निर्भयता पूर्वक कहा—( अभी ७ दिन मे क्या होता है देखिये ) होनहार नहीं मिट सकती।

जब राजकुमार सर्प विष से नीला होकर अचेत हो गया तो बहुत से गारुडिक, वैद्य लोगों को बुलाकर उसे निर्विष करने का प्रयत्न किया गया पर असफल होने पर बड़े वैद्य की राय से उसे एक मजूषा मे बन्द कर गगा मे प्रवाहित कर दिया गया। गगा मे बहती हुई वह पेटी समुद्र मे प्रविष्ट हुई। उस समय तिमगली ने सोचा ऊर्द्धमुख कर कुमारी की पेटी को उठाये कष्ट पाते हुए मुझे सात दिन होने आए। अतः अब थोड़ा आराम करलूँ। उसने पेटी को समुद्रतट पर रख दी और स्वय समुद्र मे केलि करने के लिए चली गई। राजकुमारी पेटी से बाहर निकल कर समुद्र का दृश्य देखने लगी, उसने राजकुमार वाली पेटी को समुद्र की लहरो मे बहती देखकर बाहर निकाल ली। राजकुमारी ने पेटी खोलते ही विषाक्त राजकुमार को देखकर अमृतपान कराया और अपने हाथ मे रही हुई मुद्दगा की निर्विष मुद्रा के प्रयोग से राजकुमार का सारा जहर उतार दिया। दोनों ने एक दूसरे को पहिचान कर पूरा वृतान्त ज्ञात कर लिया और धूलि की ढिगली करके परस्पर गधर्व विवाह कर लिया, राजकुमारी ने समुद्रतट पर रहे हुए बहुत से मोती, माणिक. प्रवाल आदि सग्रह कर लिए और दोनों ने गठबधन पूर्वक पेटी में प्रविष्ट होकर वापस उसी प्रकार पेटी बद कर

ली। थोड़ी देर में तिमंगली मत्स्य ने आकर पेटी को अपने मुँह मे रख लिया। इधर रावण ने ७ दिन की अवधि बीत जाने पर ज्योतिषी के सामने तिमंगली मत्स्य ( देवी ) को बुलाकर जब पेटी को खोला तो उसमें वर-कन्या को विवाहित देखकर उनसे साश्चर्य सारा वृतान्त ज्ञात किया और ज्योतिषी को धन्यवाद देकर विदा किया और वर कन्या को कुशल क्षेम पूर्वक अपने अपने पितृगृह पहुचा दिया।

वृद्धदत्त ने साधुदत्त से उपर्युक्त दृष्टान्त सुनाकर कहा भाई! तुम भोले हो! उद्यम के आगे भावी कुछ नहीं, मै भी तुम्हें एक दृष्टान्त उद्यम पर सुनाता हूँ!

## उद्यम से रख में मेख-दृष्टान्त—

मथुरा नगरी मे हरिबल राजा राज्य करता था। उसके सुबुद्धि नामक मत्री था। सयोगवश राजा और मत्री के हरदत्त और मतिसागर नामक पुत्र एक साथ उत्पन्न हुए। मत्री ने अर्द्ध रात्रि के समय महल से निकलते हुए एक स्त्री को देखा। मत्री ने उसका हाथ पकड कर पूछा कि तुम कौन हो! उसने कहा मैं विधाता हूँ और छट्ठी रात्रि का लेख लिख कर आई हूँ! क्या लिखा है ? पूछने पर उसने कहा—राजकुमार शिकार मे एक ही जीव ( पशु-पक्षी ) प्राप्त करेगा और मत्रिपुत्र अपने मस्तक पर एक ही भारी लावेगा! मत्री ने कहा—मुग्धे! कुल-घराने के अयोग्य यह क्या लिखा ? उसने कहा विधि के विधान को

कौन मेट सकता है ? मत्री ने कहा—मैं बुद्धिबल से तुम्हारा लेख विघटन कर दूगा और तुम देखती ही रहोगी !

एक बार मथुरा पर शत्रु सेना का आक्रमण हुआ जिसके साथ युद्ध मे वहाँ का राजा हरिबल काम आ गया। मथुरा को लूट कर शत्रुओं ने अपना राज्य जमा लिया। राजकुमार हरिदत्त और मत्रिपुत्र मतिसागर दोनों नगर से भाग छूटे और भिक्षावृत्ति करते हुए लखमीपुर गाव में पहुँचे। हरिदत्त ने पहले तो एक व्याध के घर काम किया, पीछे अपनी एक स्वतत्र झोंपडी बाँध कर रहने लगा वह शिकार मे एक ही जीव प्रतिदिन प्राप्त करता। मतिसागर भी उसी गाँव मे इधन की एक भारी लाकर जैसे तैसे अपना पेट भरता। एक दिन सुबुद्धि मत्री घूमता फिरता लखमीपुर पहुँचा और उसने अपने पुत्र को इधन की भारी लाते हुए देखा। उसने कहा बेटा ! यह क्या ? उसने कहा दिन भर धूप सह कर भी एक से दो भारी इधन नहीं ला सकता ! जैसे तैसे दिन निकालता हूं एव राजकुमार भी शिकार मे एक ही जीव पाकर दिन पूरे करता है ! मत्री ने मन ही मन सोचा विधाता की बात सच्ची हो रही है पर मुझे उद्यम कर के इनका भाग्य अवश्य ही पलटना है।

मत्री ने मतिसागर से कहा बेटा ! जंगल मे जाओ पर चदन की लकडी के सिवा दूसरी लकडी पर हाथ न डालना ! यदि सध्या पर्य्यन्त चदन न मिले तो भूखे ही सो जाना ! फिर मत्री ने राजकुमार से उसका वृतान्त पूछा तो उसने भी कहा

कि मुझे एक से अधिक दूसरा जीव कभी भी शिकार में हाथ नहीं लगता। मत्री ने कहा—तुम्हें हाथी मिले तो उसे ही पकडना अन्यथा दूसरे जीव पर हाथ न डालना। विधाता ने देखा कि यदि इन दोनों को चदन और हाथी नहीं प्राप्त कराती हूँ तो मेरा लेख झूठा हो जाता है, अतः वह प्रतिदिन एक भारी चदन और एक हाथी दोनों को प्राप्त कराने लगी। मत्री उन दोनों से प्रतिदिन उनकी भारी व शिकार लेकर सग्रह करता गया। कुछ अरसे में हजार हाथी और चदन के मूल्य से करोड़ों रुपये एकत्र कर लिये। इस प्रकार उसने महर्द्धिक हो जाने पर सेना एकत्र की व मथुरा पर चढाई कर शत्रुओंको मार भगाया और राजकुमार को अपना पैतृक राज्य दिला दिया। जिस प्रकार मत्री ने उद्यम का आश्रय लेकर विधाता के लेख में मेख मार दी इसी प्रकार मैं भी देखना साधुदत्त भाई! देववाणी को अन्यथा करूँगा! क्योकि मेरी लक्ष्मी का भोक्ता कोई और ही व्यक्ति हो जाय, यह मैं सहन नहीं कर सकता! (मैं पुष्पवती दासी को ही समाप्त कर दूँगा तो उसका पुत्र मेरे धन का स्वामी कैसे होगा?)

अब वृद्धदत्त, अपना कार्य सिद्ध करने के हेतु ऊठ, गाडी और बैलों पर प्रचुर माल भर के कपिलानगरी में गया और एक दुकान लेकर व्यापार करने लगा। वह अपनी दुकान में सब तरह की वस्तु रखता और नगद दाम से माल बेचता। उसने अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए त्रिविक्रम सेठ

और पुष्पवती दासी का पता लगा लिया और सेठ से मित्रता गाठने के लिए आवश्यक वस्तुए बिना मूल्य उधार देना प्रारम्भ कर दिया। सेठ त्रिविक्रम ने भी उसके भोजनादि का प्रबन्ध अपने यहाँ कर दिया। वृद्धदत्त ने त्रिविक्रम के परिवार को खुले हाथ उपहारादि देकर अपने वश में कर लिया। वृद्धदत्त ने कुछ दिन बाद व्यापार मलटा कर चम्पानगर लौटने की तय्यारी कर त्रिविक्रम से अन्तिम जुहार करते हुए बिदा माँगी। त्रिविक्रम ने कहा—चार महीनों की प्रीति अविचल रहे और जो कुछ ऊट, बैल घोडा आदि सामग्री चाहिए, निसकोच ले जाइये। सेठ वृद्धदत्त ने कहा—आपकी कृपा से हमारे किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है पर आपका इतना ही आग्रह है तो मार्ग मे भोजनादि की सुविधा के लिए पुष्पश्री दासी को हमारे साथ भेज दीजिए। घर पहुँचते ही मैं इसे आपके पास सुरक्षित लौटा दूँगा। त्रिविक्रम ने कहा—यद्यपि इसका विरह असह्य है और इसके बिना घर मे भी नहीं सरता, फिर भी आपका कथन तो रखना ही पडेगा।

वृद्धदत्त ने वहिली (वाहन) मे पुष्पश्री को बिठा कर प्रयाण किया। जब ये लोग उज्जैन के निकट पहुँचे तो जकात से बचने के बहाने सारे साथ को आगे रवाने कर दिया और स्वय पुष्पश्री के साथ रहा। उसने एकान्त पाकर पुष्पश्री को वहिली से नीचे गिरा कर लातों की निर्दय मार से मरणासन्न कर दिया। जब वह अचेत हो गई तो वृद्धदत्त उसे मृतक समझ कर

छोड़ भागा और अपने साथ से जा मिला। साथ वालों के पूछने पर कहा कि पुष्पश्री देह-चिन्ता के बहाने कहीं भग गई, मैं ने उसकी बहुत खोज की पर पता नहीं लगा अब दाणी ( जकात के अधिकारी ) लोग अपने को आ घेरेंगे। अतः शीघ्र आगे बढो। वृद्धदत्त ने कपिला मे त्रिविक्रम के यहाँ कहला दिया कि पुष्पश्री कहीं भग गई, उसकी बाट न देखें। इसके बाद वृद्धदत्त निश्चिन्त होकर चम्पापुरी अपने घर लौट आया।

इधर वृद्धदत्त के द्वारा मार्मिक चोट खाई हुई दासी अधिक देर जीवित न रह सकी। उसने मरते मरते सुन्दर और स्वस्थ बालक को प्रसव किया। थोडी ही देर मे उज्जैन की ओर आती हुई एक वृद्धा ने यह स्वरूप देखा तो उसने समझा किसी दुष्ट ने वैर वश यह चाण्डाल कर्म किया है, यदि चोर मारते तो इसके अग पर एक भी आभरण नहीं बच पाता। उसने दयापूर्वक नवजात बालक को ले लिया और आभूषणों की गठडी बॉध कर उज्जैन ले आई। उसने राजा के समक्ष आभूपण और उस सुन्दर बालक रखते हुए सारा वृतान्त कह सुनाया। राजा ने इसके लिए धन्यवाद देते हुए वृद्धा को आदेश दिया कि बालक का भरण-पोषण सुचारु रूप से करना। तदनन्तर राजा ने पुष्पश्री की देह का अतिम संस्कार भी राजपुरुषों द्वारा करवा दिया।

वृद्धा ने बालक को अपने घर ले जाकर जन्मोत्सव मनाया और चम्पक वृक्ष के नीचे प्राप्त होने से उसका नाम भी चम्पक

कुमार ही रखा। राजा ने कहा—जो भी वस्तु चाहिए, हमारे यहाँ से मगा लेना, पर बच्चे के भरण-पोषण में न्यूनता न करना। जब चम्पक आठ वर्ष का हुआ तो उसे पाठशाला में भेजा गया, वह अल्पकाल में ही अपने बुद्धिबल से बहत्तर कलाओं में निष्णात हो गया। एक बार दूसरे बच्चों द्वारा उसे बिना बाप का कहने पर चम्पक ने वृद्धा से अपना सारा वृतान्त ज्ञात किया और अपने पैरों पर खडा होने के लिए व्यापार प्रारम्भ कर दिया। थोडे दिनों में उसने प्रचुर द्रव्योपार्जन कर लिया और वह राजमान्य हो गया। राजा ने उसे नगरसेठ की पदवी दी और व्यापार विस्तार से वह चार करोड स्वर्ण मुद्राओं का स्वामी हो गया।

एक बार चम्पकसेठ अपने मित्र की बरात मे चम्पानगर के निकटवर्त्ती किसी गाँव मे गया। वहाँ कन्या का पिता वृद्धदत्त का मित्र था। अतः वृद्धदत्त भी विवाह समारोह मे सम्मिलित हुआ था। बाराती लोग सब मौज शौक मे घूम रहे थे। चम्पक सेठ भी वापी पर जब दतवन कर रहा था तो वृद्धदत्त से साक्षात्कार हो गया। वृद्धदत्त इसके शालीनता और सौन्दर्य्य पर मुग्ध होकर मन ही मन अपनी पुत्री के योग्य वर ज्ञात कर जात-पाँत पूछने लगा। सरल स्वभावी चम्पक सेठ ने अपनी उत्पत्ति का यथाज्ञात वृतान्त कह सुनाया। उसे सुनकर वृद्धदत्त के हृदय पर साँप लोटने लगे। उसे अपने धन के भोक्ता के बच जाने और देवी-वचन सत्य

होने की प्रतीति होने लगी, फिर भी वह उद्यम पूर्वक दूसरी बार हत्या की घात सोचने लगा। उसने कहा—आप अपने साथ को छोड़कर मेरे साथ रहिए। हमारे यहाँ मजीठ अत्यन्त सस्ती है और उज्जैन में उसके सौधे दुगुने होंगे। अतः द्रव्योपार्जन का एकान्त लाभ उठाने के लिए दूसरों से अज्ञात मजीठ की खरीदी प्रारम्भ कर देनी चाहिए, क्योंकि दूसरे व्यापारी जान लेने पर वे भी खरीद प्रारम्भ कर देंगे और फिर अपने को ही ऊँचे दामों में बेचेंगे। चम्पानगर में मेरा भाई साधुदत्त है, मैं उसके नाम पत्र लिख देता हूँ। इस व्यापार में जो लाभ होगा उसे अपन आधा-आधा बाँट लेंगे।

व्यापार में लाभ प्राप्त करने के लोभ से चम्पक ने चम्पानगर जाना स्वीकार कर लिया। वृद्धदत्त ने अपने भाई के नाम से एक पत्र लिख कर चम्पक को दिया, जिसमें लिखा कि इसने भरे बाजार मे मुझे बेइज्जत किया है और हमारा परम शत्रु है। अतः बिना कुछ हया दया लाये व आगा पीछे सोचे इसे मारकर कुएँ में डाल देना एव काम हो जाने पर मेरे पास बधाई देकर आदमी भेज देना।

चम्पक सेठ पत्र लेकर चम्पानगर वृद्धदत्त के घर पहुँचा। उस समय साधुदत्त कहीं तकादा उगाहने के लिए गया हुआ था एवं गृहस्वामिनी कौतिगदे भी घर से बाहर गयी हुई थी। अतः घर में वृद्धदत्त की पुत्री तिलोत्तमा अकेली ही फूलदड़े

से खेल रही थी। चम्पक सेठ ने तिलोत्तमा को पत्र दिया। उसने पत्र खोलकर पढा तो उसमें देवकुमार सदृश गुणवान कुमार को बध करने की पितृ-आज्ञा देख कर सन्न रह गई। उसने कुमार चम्पक को स्वागतपूर्वक ठहराया और घोड़े वहिली शाला मे बँधवा दिये। तिलोत्तमा पूर्वजन्म के संयोग-वश सोचने लगी कि—पिताजी ने यह क्या पापकार्य सोचा ? यदि सौभाग्यवश यह मेरा पति हो जाय तो मैं अपनेको धन्य मानूँ! उसने पिता के अक्षरों मे दूसरा पत्र लिखकर तैयार किया और माँ के आने पर उसे सौंप दिया। सन्ध्या समय साधुदत्त भी घर आ गया। सब की उपस्थिति मे पत्र पढकर देखा तो उसमे लिखा था कि आज सन्ध्या के शुभ लग्न में चम्पक के साथ तिलोत्तमा का व्याह कर देना। समय कम था, पर साधुदत्त ने थैलियों का मुँह खोल दिया और बडे धूमधाम से महोत्सवपूर्वक चम्पक सेठ के साथ तिलोत्तमा का पाणिग्रहण करा दिया।

चम्पक की मृत्यु के समाचार सुनने के उत्सुक वृद्धदत्त ने जब याचकों के मुख से तिलोत्तमा के साथ उसका पाणिग्रहण होने का संवाद सुना तो वह मन ही मन जल भुन गया। वृद्धदत्त घर आया और जानी-मानी जीमते देखकर शीघ्रतापूर्वक काम तमाम करने के लिये ऊपरी मन से धन्यवाद देने लगा। विवाह कार्य निपटने पर उसने साधुदत्त से कहा—भाई! तुमने यह क्या अनर्थ कर डाला ? साधुदत्त ने कहा—यह देखिये

आपका पत्र, इसी के अनुसार मैंने सारा काम किया है, इसमें मेरा कोई दोष नहीं ! सेठ ने सारी करतूत तिलोत्तमा की ज्ञात कर चुप्पी साध ली। चम्पक का ब्याह चपापुर मे हुआ, ज्ञात कर सारे बाराती उज्जैन चले गये और जाकर बूढी माँ से चम्पककुमार के ब्याह की बधाई दी।

अब चम्पक सेठ आनन्दपूर्वक चम्पानगरी मे रहने लगा। एक बार सीयाले की रात मे तिमजिले महल मे अपने पति के साथ सोई हुई तिलोत्तमा किसी कार्य से नीचे उतरी तो दुमजिले मे उसने वृद्धदत्त द्वारा अपनी स्त्री को कहते सुना कि—लिखा तो कुछ और ही था और हमारे कर्म दोष से हो गया कुछ और ही ! इस जवाई की जात-पाँत का कोई पता नहीं और यहाँ रहते ये हमारे घर का स्वामी हो जायगा। अतः पुत्री का मोह त्याग कर जवाई को विप देकर मार्ग लगा दो ! पति के आग्रह से कौतिगदे ने उपर्युक्त बात स्वीकार कर ली।

तिलोत्तमा ने जब यह बात सुनी तो वह विचित्र धर्म सकट में पड गई। यदि वह पति से कहती है तो पिता की जान को खतरा और न कहे तो पति के मारे जाने का भय। इधर बाघ और उधर कु आ देखकर उसने पति से कहा—प्रियतम ! शकुन निमित्त के बल से मुझे आप पर दो महीना भारी सकट मालूम देता है अतः आप कृपा कर इस घर मे भोजन पानी कुछ भी न लें यावत् पान तक न खाएँ। दिन भर मित्रो के यहाँ खान पान कर घूमते रहें एव रात्रि के समय यहाँ आवें और सुबह

होते ही फिर निकल पड़ें ! चम्पक ने अपनी स्त्री का यह कथन स्वीकार कर लिया। अब वह दिन भर मित्रों के साथ निश्चिंत घूमता रहता। वृद्धदत्त ने एक दिन फिर अपनी स्त्री से कहा— तुमने मेरा कथन नहीं किया ? उसमें कहा—मेरा क्या दोष। वह अपने घर खाना पीना तो दूर, दिन भर मे आता ही नहीं है ! वृद्धदत्त यह सुनकर दूसरी घात सोचने लगा। उसने विश्वासी सुभटों को बुलाकर कहा—तुम लोग मौका पाकर चम्पक सेठ को मार डालो ! काम हो जाने पर प्रत्येक को सौ-सौ स्वर्ण-मुद्राओं से पुरष्कृत करूँगा। सुभट लोग जब घात मे रहने लगे तो चपक सेठ ने अपने साथ शस्त्रबद्ध अगरक्षक रखना प्रारम्भ कर दिया। छः मास बीत जाने पर भी सेठ के सुभटों को कोई अवसर न मिला। एक दिन रात्रि के समय राही रूप धारण कर खेलने वाले रावलियों का खेल हो रहा था तो चम्पक भी वहाँ बैठ गया। चम्पक के अगरक्षक रात्रि मे घर के निकट निर्भय ज्ञात कर अपने घर चले गये। खेल समाप्त होने पर चम्पक अकेला घर आया, उसकी आँखें घुल रही थी। अतः प्रतोली मे बिछे हुए तापड पर सो गया, उसने सोचा रात के समय कोलाहल कर क्या किवाड खुलाना है ! उसे सोते ही नींद आ गई। वृद्धदत्त के सुभटों ते उसे सोते हुए देखा और मारने को प्रस्तुत हुए पर चंपक के भाग्य बल से उन्होंने फिर सोचा कि बहुत दिनों की पुरानी आज्ञा है, सेठ का जवाई ही है अत. सेठ को फिर से

पूछ लेना चाहिए! सुभटों ने वृद्धदत्त से पूछा तो उसने कहा—सत्वर उसका काम तमाम कर डालो! इधर खटमलों के उपद्रव से जग कर चंपक सेठ, द्वार खुला देखकर वहाँ से उठ अपने महल में जाकर प्रिया के पास सो गया। सुभटों ने जब चंपक को न देखा तो समझा शरीर चिन्ता के लिए गया होगा, अभी आ जायगा! वे लोग इतस्ततः छिप गए और तय कर लिया कि सब लोग उसके आने पर एकाएक आकर टूट पडेंगे! इधर वृद्धदत्त के मन मे तालावेली लगी हुई थी ही, वह देखने के लिए आया तो वहाँ किसी को न देखकर स्वय उस स्थान पर सो गया। थोडी देर में सुभटों ने सोये हुए वृद्धदत्त को चपक के भरोसे एक साथ मिलकर वार कर मार डाला और कुएँ मे फेंक दिया एव प्रातःकाल इनाम पाने की आशा मे हर्षित होकर वे अपने घर चले गये। प्रातःकाल जब वृद्धदत्त की लाश को कुएँ मे तैरते देखा तो उन्हें बडा भारी पश्चात्ताप हुआ। साधुदत्त ने जब भाई की मृत्यु सुनी तो वह भी छाती फट कर मर गया। बारह दिन होने पर भाई और पुत्र के अभाव में सब लोगों ने वृद्धदत्त सेठ का उत्तराधिकारी चम्पक सेठ को बना दिया, जिससे वह ६६ कोटि स्वर्णमुद्राओं का स्वामी हो गया।

चम्पक सेठ ने ६६ कोटि स्वर्णमुद्राएँ हस्तगत करके उज्जैन से वृद्धा माता को भी १४ कोटि स्वर्णमुद्राओं के साथ चम्पापुरी बुला लिया। उसने अपने बुद्धि बल और पूर्व पुण्य से इतना

व्यापार विस्तार किया कि उसके ६६ कोटि मुद्राएँ निधान मे ६६ कोटि व्यापार में एवं ६६ कोटि व्याज सूद मे लगती थी। उसके १००० वाहन, १००० गाडे, १००० सतमजिले घर, १००० दुकानें, १००० भण्डशालाएँ, ५०० हाथी, ५०० अगरक्षक, ५००० घोडे, ५००० सुभट, ५०० ऊँट, १०००० पोठिये, १ लाख बलद, १०० गोकुल (प्रति १०००० गायें), १०००० व्यापारी थे। उसके घर मे लाख रुपया प्रतिदिन का खरच था। १० लाख दान-पुण्य मे खरच होते। वह प्रति दिन देवपूजा, सामायक, प्रतिक्रमण, स्वधर्मीवात्सल्य किया करता। उसने १००० जिनालय एव लाखो जिन बिबादि का निर्माण करवाया।

पूर्व जन्म वृतान्त—

एक बार चम्पापुरी के उद्यान मे केवली भगवान पधारे। चपक ने उनके चरणो मे उपस्थित होकर अत्यन्त विनय-भक्ति से उपदेश श्रवण किया। अन्त मे उसने पूछा—भगवन ! मैने पूर्व जन्म मे ऐसे क्या पुण्य किये थे, जिससे इस जन्म मे अगणित लक्ष्मी मिली ? वृद्वदत्त ६६ कोटि मुद्रा पाकर भी भोग न सका, मेरा अज्ञात कुल होने पर भी वृद्धा ने अत्यन्त प्रेम से पालन किया, मुझ निरपराध को मारने क लिए वृद्धदत्त ने क्यो बारम्बार प्रयास किये ? केवली भगवान ने कहा इन सारी बातों का कारण पूर्व जन्म मे किये हुए अपने शुभाशुभ कर्मों का विपाक है, उसे ध्यान पूर्वक सुनो।

सुमेलिका नगरी के वन में तापसों का आश्रम था, जिसमें भवदत्त और भवभूति नामक तापस कन्द-मूल खाकर पञ्चाग्नि साधना करते थे। इनमें भवदत्त कुटिल बुद्धि और भवभूति सरल स्वभावी था। दोनों मर के यक्ष हुए, फिर भवदत्त तो अन्यायपुर पाटण में वचनामति सेठ हुआ और भवभूति पाडलीपुर मे महासेन नामक क्षत्रिय हुआ। वह बड़ा पुण्यात्मा था, एक बार वह तीर्थयात्रा के लिए निकला तो आवश्यक व सारभूत द्रव्य अपने साथ ले लिया और फिर अन्यायपुर पाटण मे उसने वचनामति सेठ के यहाँ एक गाँठ अनामत रखी, जिसमे पॉच बहुमूल्य रत्न भी थे। महासेन तो सेठ पर विश्वास करके तीर्थयात्रा मे चला गया। इधर सेठ ने गाँठ खोलकर देखी और पाँच रत्न पाकर वह अत्यन्त प्रसन्न हुआ। उसने उनमे से एक रत्न लेकर एक लाखमे किसी महर्द्धिक के यहाँ गिरवे रख दिया और स्वय उन रुपयों से ऊँची हवेली बनाकर रहने लगा। अवशिष्ट चार रत्नों को उसने गुप्त रूप से छिपा कर रख लिया। जब महासेन तीर्थयात्रा से लौटा तो उसने वचनामति सेठ से अपनी धरोहर वापिस मॉगी। सेठ ने कहा—तुम कौन हो ? मैं तुम्हें पहचानता भी नहीं एव न मैं किसी की धरोहर अपने यहाँ रखता हूँ। महासेन यह सुनते ही खिन्न होकर सोचने लगा कि ये वणिक भी कैसा चौहटे का चोर है, प्रत्यक्ष दी हुई वस्तु को डकार जाने मे नहीं हिच-किचाता, यों क्रय-विक्रय में लूटना तो वणिकों की वृत्ति ही हो

गई है। अब क्या उपाय करूँ ? अन्त मे न्याय की शरण लेने के विचार से राजसभा में गया और वहाँ के राजा, न्यायपद्धति आदि की आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

इस अन्यायपुर पाटण का राजा निर्विचार, तलारक्षक सर्वलूटाक और मुँहता सर्वङ्गिल था। यहाँ का राजगुरु अज्ञानराशि और राजवैद्य जन्तुकेतु था। नगरसेठ वही वचनामति और पुरोहित का नाम सिलापात था। वहाँ की कपटकोशा वेश्या अपने दाव-पेच मे बडी निष्णात है। यह सब खेल जान कर उसने सोचा मैं अपने रत्न किस युक्ति से प्राप्त करूँ ? इतने ही मे एक वृद्धा ने रोते कलपते हुए आकर राजा के पास पुकार की कि—महाराज! मेरा न्याय कीजिये, मै अत्यन्त दुखिनी हो गई! राजा ने कहा मैं न्याय करूँगा, तुम अपना दुख कहो! वृद्धा ने कहा—मै आपके नगर मे रहती हूँ, किसी से लडाई-झगडा न कर शान्ति से रहती हूँ। राजाने कहा—डोकरी कैसी सुशील है! इसकी अवश्य न्याय सहायता की जायगी! वृद्धा ने कहा—मै चोर की माँ हूँ, मेरा पुत्र प्रसिद्ध चोर था, आज वह देवदत्त के घर चोरी करने गया, जब वह खात डालने के लिए दीवाल के नीचे बैठा तो जर्जर दीवाल गिर पडी और मेरे पुत्र की मृत्यु हो गई। मेरे एक ही पुत्र था, अब मेरा कौन आधार ? राजा ने कहा तुम निर्दोष हो, अपने घर जाओ, देवदत्त को मैं दण्ड दूँगा!

राजा ने देवदत्त को बुलाकर कहा—तुमने जर्जर दीवाल

क्यों बनाई ? जिससे चोर दब कर मर गया, अब इस डोकरी का कौन सहारा ? देवदत्त ने कहा राजन्! मेरा क्या दोष मैंने तो सूत्रधार को पूरी मजूरी दी, कमजोर भीत का जिम्मेवार वह है! राजा ने सूत्रधार को बुलाकर पूछा तो उसने कहा मै तो अच्छी तरह दीवाल बना रहा था पर देवदत्त की तरुण पुत्री सोलह शृ गार सज कर आ खडी हुई तो मेरी चचल दृष्टि उस पर पड गई और दीवाल की इटे शिथिल बन्ध वाली हो गई। देवदत्त की पुत्री को पूछने पर उसने कहा—मैं नग्न परिव्राजक को देख कर लज्जावश उधर चली गई। राजा ने परिव्राजक से बुलाकर पूछा कि तुम क्यों इस मार्ग में आए ? उसने कहा—आपके जवाई ने घोडा दौडाया तो मैं क्या करूॅ ? राजा ने जवाई से पूछा कि तुमने घोडा क्यों दौडाया। जवाई ने देखा कि सब ने अपने माथे से आपत्ति उतार दी तो मुझे भी किसी युक्ति का आश्रय लेना चाहिए! उसने कहा कि मै तो कर्म-विधाता की प्रेरणा से आया मेरा क्या दोष ? राजा ने मत्री से कहा मत्री! विधात्रा को शीघ्र बुलाओ! मै अन्याय नहीं सहन कर सकता! प्रधान ने कहा—आपके तेज प्रताप से डर कर काँपती हुई वह कही भग गई है, मैंने सब जगह शोध के लिए पुरुष भेजे पर मिली नहीं, अब तो दूसरे दिन खबर लगेगी! राजा ने कहा—कोई बात नहीं आज देर भी हो गई, कल पर बात, कोई जल्दी थोडे ही है!

महासेन ने देखा इस राजा के न्याय के भरोसे तो मेरे

पांच रत्न गये ही समझना चाहिए। उसने कुछ सोच कर कपट-कोशा वेश्या का आश्रय लिया और उसे अपनी दुख गाथा कह सुनाई। वेश्या ने उसपर दया लाकर के कहा—तुम निश्चिंत रहो, मैं तुम्हारे रत्न निकलवा दूँगी! वह अपने घर मे गई और उत्तम वस्त्र, मणि माणिक आभरण, कस्तूरी, कर्पूरादि बहुमूल्य वस्तुए एकत्र कर सबको पेटी मे भर, ऊँट पर चढ कर वचनामति सेठ के घर गई। तीन चार सखियों के साथ सेठ के पास जाकर उसने हाँफते हुए कहा—सेठ जी! मेरी बहिन वसतपुर में मरणासन्न पडी है और मुझे शीघ्र बुलाया है, अतः मैं उससे मिलने जाती हूँ, आप मेरी माल-मता धरोहर रूप मे रखिये, क्योंकि आप ही सर्वथा मेरे विश्वास भाजन है। यदि मेरी बहिन मर गई तो मै भी अवश्य उसके साथ जल मरूँगी, यदि आपको मेरी मृत्यु के समाचार मिल जाय तो आप सारा धन (पुण्य कार्यों मे) खरच डालना! वचनामति सेठ ने सोचा यह मर जायगी तो अच्छा हो जायगा, करोडो की जवाहरात मैं सहज मे ही हजम कर सकूगा! इतने ही मे पूर्व सकेतानुसार महासेन आकर उपस्थित हो गया और धरोहर मे रखे अपने पाँच रत्न माँगने लगा। सेठ ने वेश्या का माल हजम करने के लोभ मे आकर अपनी प्रतीति जमाने के लिए महासेन के पाच रत्न लौटा देना ही उचित समझा और तुरत चार रत्न निकाल के दे दिये। पाँचवाँ रत्न भी जो धनावह सेठ के यहाँ रखा हुआ था, पुत्र के द्वारा बदले मे अपनी सम्पति को गिरवे रख-

कर छुडा मँगाया। महासेन को अब अपने पाँचों रत्न मिल गए। इतने ही में पूर्व सकेतानुसार कपटकोशा को बधाई मिली कि आपकी बहिन स्वस्थ हो गई है उसने कहलाया है कि आप यहाँ आने का कष्ट न करें। मै स्वय मिलने के लिए आ जाऊँगी! वेश्या प्रसन्न होकर नाचने लगी। महासेन भी रत्न प्राप्ति के हर्ष मे नाचने लगा, तो वचनामति भी उनके नाच मे सहयोगी हो गया। लोगों ने जब इसका कारण पूछा तो वेश्या ने बहिन के जीने का, महासेन ने रत्न प्राप्ति का कारण बतलाया। वचनामति ने कहा—मैं अपने जीवन मे आज ही कपटकोशा से ठगा गया हूँ, जिसने मेरे महल को अडाने रखा कर महासेन के पाँच रत्न वापस दिला दिए। इसने खूब किया, यह सोचकर नाच रहा हूँ। इसके बाद वचनामति ने विरक्ति पाकर तापस का व्रत स्वीकार कर लिया। कपटकोशा को सब लोग धन्यवाद देने लगे। महासेन अपने नगर में आकर सुखपूर्वक रहने लगा।

एक बार उसके देश मे महान दुष्काल पडा, जिसका वर्णन कविवर ने दूसरे खण्ड की छठी ढाल मे विस्तार से किया है और स० १६८७ के भयकर दुष्काल से उसका तुलना की है।

महासेन ने इस दुष्काल के समय पाँचो रत्न बेचकर धान्य का प्रचुर सग्रह किया और सार्वजनिक दानशाला खोलकर दीन-दुखियो का बड़ा उपकार किया। जो लोग सकोच व

मानवश उसके वहाँ मांगने नहीं आते, उन्हें वह गुप्त रूप से सहायता पहुंचाता। उसने रोगियों के लिए चिकित्सालय खोल दिये। एक दिन एक वृद्धा को, जिसके क्षुधा के मारे अजीर्ण, शोथ आदि की भयकर व्याधि हो गई थी, महासेन ने अपने घर लाकर सेवा सुश्रुषा कर स्वस्थ किया। महासेन की स्त्री गुणसुन्दरी ने भी दीन अनाथों की बडी सेवा सुश्रुषा की। इस बारहवर्षी दुष्काल के समय आश्रित लोगों को महासेन के यहाँ बडी शान्ति मिली और उसने सुकाल होने पर सत्कारपूर्वक उन्हें अपने घर भेज दिये।

केवली भगवान ने कहा—महासेन के भव मे तुमने जो अनुकम्पा दान किया उसके प्रभाव से तुम इस भव में समृद्धि-शाली चपक सेठ हुए। गुणसुन्दरी का जीव तिलोत्तमा हुई। दुष्काल के समय तुमने जिस वृद्धा की सेवा सुश्रुषा की वह उज्जैन में उत्पन्न हुई और इस भव मे उसने तुम्हें पालपोष कर बडा किया। वचनामति का जीव वृद्धदत्त हुआ, तुम्हारे उसने पाच रत्न लिए थे तो इस भव में उसके ६६ करोड के तुम स्वामी हुए। तुमने गत भव मे कुल मद किया। अत इस भव मे दासी पुत्र हुए, तुमने वचनामति को पूर्व भव में अपभ्राजित किया। अतः उसने तीन बार तुम्हें मारने का प्रयत्न किया। पूर्व भव का वृतान्त सुनकर चपक सेठ का हृदय वैराग्य वासित हो गया। उसने तिलोत्तमा के साथ बड़े ठाठ से सयम धर्म स्वीकार किया। शुद्ध सयम पालकर वह देवलोक में देव हुआ।

अन्त में चपक वहाँ से च्यवकर मनुष्य भव पाकर महाविदेह क्षेत्र में दीक्षा लेकर मोक्षगामी होगा।

स० १६६५ में अपने प्रिय शिष्य के आग्रह से कविवर समयसुन्दर ने जालोर मे अनुकम्पा दान पर इस दृष्टान्त-आख्यान की रचना की।

# (४) धनदत्त श्रेष्ठी चौपई सार

शान्तिनाथ भगवान् को नमस्कार कर कविवर समयसुन्दर ने व्यवहार शुद्धि के विषय मे धनदत्त श्रेष्ठी की चउपई प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम श्रावक व्रतोपयोगी २१ गुणों को बतलाया है १ वाणिज्य व्यवसाय में न न्यून दे, न अधिक ले, अच्छी वस्तु को बुरी न कहे, बुरी को अच्छी न कहे, जिस समय देने का वायदा किया हो उसी समय दे, मिथ्या भाषण न करे, यह प्रथम व्यवहार शुद्धि गुण है। २ पचेन्द्रिय परिपूर्ण ३ शान्त प्रकृति, ४ लोकप्रिय, ५ वचनारहित - निष्कपट, ६ अक्रूर, पापभीरू, ७ अमायी, ८ उपकारी, ६ कुकर्म विरत, १० दयालु, ११ मध्यस्थवृत्ति, १२ शात-दात गुणी, १३ गुणरागी, १४ शोभन पक्ष, १५ दीर्घदर्शी, १६ विशेषज्ञ, १७ वृद्ध व बुद्धिमान पुरुषानुगामी, १८ माता-पिता गुरु के प्रति विनयशील, १६ कृतज्ञ, २० पर हितकारी, २१ लब्ध लक्ष। इन २१ गुणो में व्यवहारशुद्धि सर्व प्रधान है, इसके बिना सारे गुण व्यर्थ है। धोती

बिना सिर पर पगडी, घड़े बिना इढाणी, नींव विहीन इमारत की भाति व्यर्थ है। गांव ही नहीं तो सीमा क्या ? ठढ नहीं तो हिम कहा ? उसी प्रकार व्यवहार शुद्धि के बिना मनुष्य की शोभा नहीं। अग्नि के बिना धुँआ कहाँ ? स्त्री ही नहीं तो बेटा कहाँ ? धर्म बिना सुख नहीं, द्रव्य बिना हाट नहीं, गुरु बिना बाट नहीं, उसी प्रकार व्यवहार शुद्धि बिना सारे गुण, बिना अक के शून्य है। साधु के लिए शुद्ध आहार और श्रावक के लिए शुद्ध व्यवहार ये प्रधान गुण है।

अयोध्या नगरी मे उग्रसेन राजा और उसके पद्मावती पटरानी थी। उसके सुबुद्धि नामक मन्त्री था। इसी नगर मे धनदेव व्यवहारी का पुत्र धनदत्त निवास करता था, जिसके पापोदय से माता-पिता का देहान्त हो गया। जब वह आठ वर्ष का हुआ तो शास्त्राभ्यास मे लग गया और पिता का कमाया हुआ द्रव्य खाकर काल निर्गमन करने लगा। एक बार धर्मघोषसूरि के पधारने पर धनदत्त ने उनका वैराग्यपूर्ण व्याख्यान सुना तो उपदेश से प्रभावित होकर कुछ नियम लेने का विचार किया। उसने अपने को सयम मार्ग मे असमर्थ बताते हुए मुनिराज के समक्ष व्यवहार शुद्धि का नियम स्वीकार किया। घर आने पर उसकी स्त्री ने व्यवहार-शुद्धि नियम की बड़ी प्रशसा की।

धनदत्त ने दुकान खोली और सचाई के साथ अपना नियम पालन करता हुआ व्यापार करने लगा। लोग सत्यता के

आदी नहीं होने से धनदत्त का व्यापार ठण्डा पड गया और घर मे धन का तोडा आ गया। उसने स्त्री से विदेश जाने की अनुमति माँगी तो उसने कहा—आप विदेश में भी अपने नियम का पालन करते रहें, मैं घर में बैठी अपना शील व्रत पालन करूँगी। धनदत्त सथवाड़े के साथ रवाना हो गया। आगे चलकर एक गाँव में धनदत्त ने लोगों से पूछा कि यहाँ कोई व्यवहार शुद्धि नियम का पालन करने वाला हो तो बताओ, मै उसके यहाँ नौकरी करना चाहता हूँ। किसी ने धर्मात्मा सेठ का नाम बताया तो वह उसके यहाँ जाकर गुमास्ता रह गया। उस सेठ के घर गायें, भैंसे बहुत थी, जो जगल मे चरने जाती और पराये खेतों मे प्रविष्ट होकर हरे-भरे धान को उखाड कर खा जातीं। कृषक लोगों ने सेठ के सामने शिकायत की तो उसने कहा—ग्वालिये को मना कर देंगे। सेठ ने उन्हें तो आश्वासन दे दिया, पर उसने ग्वालिये को कहा नहीं, क्योंकि गायों के मुफ्त का धान-घास चरके आने से उसके यहाँ दही, दूध, घी का ठाठ रहता था। धनदत्त ने सेठ के इस अशुद्ध व्यवहार को अनुभव कर उनकी नौकरी छोड दी और दूसरे गाँव चला गया। वहाँ उसने एक श्राविका के यहाँ नौकरी कर ली और उसका व्यापार देखने लगा। वह श्राविका निस्सन्तान होने पर भी लोभिणी थी, रात में वह बैठी-बैठी सूत कातती तो अपने घरका दीपक भी न जलाती और पड़ौसी के महल के प्रकाश का उपयोग करती। धनदत्त ने उसे अनु-

श्चित बताया तो सेठानी ने कहा—तुम दूध में भी जन्तु देखते हो। अपना क्या गया, इस कते सूत के पैसों से घर में सब्जी का खर्च निकल जाता है। धनदत्त अपना हिसाब लेकर साथियों से जा मिला। साथी लोग व्यापार करते, पर धनदत्त का हाथ खाली था। माल-पत्र बेचकर साथी लोग स्वनगर जाने को तैयार हुए तो मित्र ने धनदत्त से कहा—देश चलो। धनदत्त ने कहा—मैंने कुछ भी द्रव्योपार्जन तो किया नहीं। अतः अभी मैं नहीं चल सकूगा। मित्र ने कहा—यदि तुम न चल सको तो कोई वस्तु भी हमारे साथ भेजो, क्योंकि घर पर स्त्री बाट जोह रही है। धनदत्त ने कहा मेरे पास पैसा नहीं, क्या भेजूँ ? मित्र ने कहा—यहाँ बीजौरे बहुत ही उत्तम जाति के स्वादिष्ट और खूब सस्ते है और नहीं तो ये ही भेजो। धनदत्त ने मित्र की राय मानकर एक टोकरी में बहुत से बिजौरे भरकर मित्र के साथ भेज दिये। साथ वाले लोग प्रवहण मे बैठकर रवाना हुए और किसी नगर के किनारे जाकर ठहरे। सयोगवश उस समय उस नगर का राजकुमार दाह ज्वर से पीडित हो गया। वैद्यों के सारे इलाज बेकार हुए तो राजवैद्य ने कहा—परदेशी बिजौरा यदि मिल सके तो इस रोग की वही अन्तिम चिकित्सा है, जिससे राजकुमार बच सकता है। राजा ने सर्वत्र ढिंढोरा पिटवाया कि कहीं किसी के पास परदेशी बिजौरा हो तो दे। उसे राजा मनोवांछित देगा। नगर में कहीं भी बिजौरा न मिला तो इस खयाल से कि—कोई परद्वीप से बिजौरे लाया होगा-

व्यापारियों का साथ जहाँ ठहरा हुआ था, उद्घोषणा की। तब धनदत्त के मित्र ने तुरन्त पटह स्पर्श किया और बिजौरा के करण्डिये को लेकर राजा के सन्मुख भेंट किया। बिजौरे की चिकित्सा से राजकुमार स्वस्थ हो गया। राजा ने प्रसन्न होकर उस करण्डिये को मणिमाणिक और सोने से परिपूर्ण कर दिया और ससम्मान साथ वालों की जकात भी माफ कर दी। सब लोग वहाँ से रवाने होकर क्रमशः अयोध्या पहुँचे।

धनदत्त की स्त्री ने देखा, साथ वाले सब लोग आ गए, पर मेरा पति नहीं आया, वह घर के द्वार पर अश्रुपूर्ण नेत्रों से खडी बाट देख रही थी। मित्र ने शीघ्रतावश आकर वह रत्नों का भरा करण्डिया उसे दे दिया और उसका पति सकुशल है। कहकर अपने घर की राह ली। धनदत्त की स्त्री ने घर में जाकर करण्डिये को खोला तो उसमें सोना, मणि, रत्न भरा था, वह देखते ही दुखी होकर सोचने लगी—मेरे पति ने अवश्य ही अपना नियम तोड़ा है अन्यथा न्यायपूर्वक इतना द्रव्य कहाँ से प्राप्त होता? यह धन विष सदृश है, मेरे लिए धूलि है।

थोडी देर बाद मित्र आया और उसने भौजाई को चिन्तित देखा तो कहा—धनदत्त सकुशल है, तुम चिन्ता क्यों करती हो? जब उसने अपने दुख का कारण बताया तो मित्र ने द्रव्य प्राप्ति का सारा वृतान्त सुना दिया। धनदत्त की स्त्री प्रसन्न होकर धर्म पर और भी दृढ़ श्रद्धा वाली हो गई।

धनदत्त की स्त्री ने उस धन में से राजा को भेंट द्वारा प्रसन्न कर भूमि खण्ड प्राप्त किया और उस पर सुन्दर महल, बाटिका, स्नानागार आदि बनवाये। वह सत्रागार (दानशाला) खोलकर उन्मुक्त दान देने लगी, साधु साध्वी व स्वधर्मी लोगों की भक्ति करती हुई निर्मलशील पालन करती थी।

इधर धनदत्त चिरकाल विदेश में रहकर भी द्रव्योपार्जन न कर सका तो धैर्य्य धारण कर फटे हाल स्वदेश लौटा। लोगों के मुँह से धनदत्त की स्त्री की हवेली ज्ञातकर अपने घर पहुँचा तो प्रतोली रक्षक ने उसका प्रवेश निषिद्ध किया। धनदत्त ने सशंकित चित्त से प्रवेश करने का हठ किया तो सेठानी की आज्ञा से धनदत्त को सामने धूप मे ले जाकर खड़ा किया। सेठानी ने अपने प्रियतम को पहिचाना और आदर सहित घर मे बुलाकर सामने करबद्ध खड़ी हो गई। धनदत्त ने मन मे स्त्री के शील पर शका लाकर ऋद्धि समृद्धि का कारण पूछा। सेठानी ने सारा वृतान्त कहा और मित्र की साक्षी से सही वृत्त ज्ञात कर धनदत्त को अपार हर्ष हुआ। सेठानी ने नाई को बुलाकर सँवार कराई और धनदत्त को वस्त्राभरण से सुसज्जित किया। अब वे लोग आनन्दपूर्वक निवास करने लगे।

एक बार उस नगरी मे साधु मुनिराज पधारे और उद्यान में ठहरे। उनका उपदेश श्रवणकर धनदत्त प्रतिबोध प्राप्त हुआ और पुत्र कलत्रादि को त्याग कर सयम मार्ग में दीक्षित हो

गया। वह अप्रमत्त चारित्र पालन कर अनित्य भावना भाते हुए क्रमशः केवलज्ञान प्राप्त कर शिवशर्म को प्राप्त हुआ।

स० १६६४ में आश्विन महीने मे अहमदाबाद मे कविवर समयसुन्दरजी ने इस व्यवहार शुद्ध विषये धनदत्त श्रेष्ठि चौ० की रचना की।

# (५) पुण्यसार चौपई सार

भरतक्षेत्र मे गोपाचल-ग्वालियर अत्यन्त सुन्दर नगर है। वहाँ धर्मात्मा व सरल स्वभावी पुरन्दर सेठ निवास करता था जिसकी पत्नी पुण्यश्री पतिव्रता और गुणवती थी। सेठ के यहाँ सब कुछ होते हुए भी उसका घर पुत्रविहीन था और यही चिन्ता उसे कचौट रही थी। मित्रों ने सेठ को दूसरा विवाह करने की सलाह दी, पर पत्नी पर अटूट प्रेम होने के कारण वह इसके लिए प्रस्तुत न हुआ तब मित्रों ने इसी स्त्री से सतान हो, इसके लिए मत्र-यत्र, यक्ष पूजा, होम आदि उपाय करने का कहा। सेठ ने मिथ्यात्व दूषण से बचने के लिए कुलदेवी का आराधन किया। कुलदेवी ने प्रकट होकर पुत्र होने का वरदान दिया। पुण्यश्री के गर्भ में एक पुण्यवान जीव आकर अवतीर्ण हुआ। पुत्र जन्म होने पर सेठ ने बड़े भारी उत्सव पूर्वक उसका नाम पुण्यसार रखा। पाँच धायों द्वारा प्रतिपालन होकर जब पुण्यसार आठ वर्ष का हुआ तो उसे

अध्ययन के हेतु पाठशाला में भरती किया गया। उसी नगर के धनवान सेठ रत्नसार की पुत्री रत्नवती भी पुण्यसार के साथ साथ पढती और हठपूर्वक होड किया करती। एक दिन पुण्यसार ने उसे एकान्त मे कहा—सुन्दरी ! तुम पुरुष की निन्दा मत किया करो, पुरुष की क्या बराबरी ? तुम्हें भी तो एक दिन पुरुष की पत्नी होना पडेगा ! रत्नवती ने कहा—रे मूर्ख शेखर ! स्त्री बनूगी किसी पुण्यवान की, तुम्हारी क्या बिसात है ? पुण्यसार ने कहा—भावी किसे दीखती है, अब तो मै तुम्हारे साथ जबरदस्ती विवाह करूँगा ! रत्नवती ने कहा—निर्गुण ! तुम रोते ही रहोगे, प्रेम जबरदस्ती नहीं होता ! इस प्रकार दोनों के परस्पर विवाद मे बोलचाल बढ गई।

पुण्यसार घर आया और अन्नपान त्याग कर चुपचाप सो गया। पुरन्दर सेठ ने चिन्ता का कारण पूछा तो उसने स्पष्ट कह दिया—यदि मेरा जीवितव्य चाहते हों तो आप रत्नसार की पुत्री से मेरा विवाह करादें ! सेठ ने कहा—बेटा ! अभी तक तुम बालक हो, विद्याभ्यास मे मन लगा कर निपुण बनो, वयस्क होने पर हमे स्वय तुम्हारा विवाह करने का उल्लास है ! पुण्यसार ने कहा—आप जैसा कहेगे, करूँगा पर रत्नवती से मेरी सगाई कर दीजिये, तब भोजन करूँगा ! सेठ ने उसे समझा बुझा कर भोजन कराया और स्वय मित्रादि को साथ लेकर रत्नसार सेठ के यहाँ गया। रत्नसार ने स्वागत पूर्वक पुरन्दर सेठ से आगमन का कारण ज्ञात किया और यह कहा कि आप

राजमान्य और प्रतिष्ठित हैं, मैं अपनी पुत्री आपको सहर्ष देता हूँ। रत्नवती निकट ही थी उसने पिता की बात सुन कर कहा—मुझे अग्नि-प्रवेश कर जाना इष्ट है, पर पुण्यसार के साथ विवाह कदापि नहीं करूँगी। पुरन्दर सेठ कन्या की बात सुनकर दंग रह गया उसने मन में सोचा इस धीठ बालिका को प्राप्त कर पुण्यसार को क्या सुख मिलेगा ?

रत्नसार ने पुरन्दर सेठ से कहा—यह अभी तक बची और अज्ञान है, मैं समझा दूँगा। आप निश्चिंत रहें, मैंने अपनी पुत्री आपके पुत्र को दी। पुरन्दर सेठ अपने मित्रों के साथ घर लौटा और पुण्यसार से कहा—बेटा! वह छोकरी टेढी मेढ़ी बातें करती है अतः तुम्हारे योग्य नहीं है। पुण्यसार ने कहा—हमारे आपस मे हठ पूर्वक विवाद हो गया है, पाणिग्रहण के पश्चात् सब ठीक होगा। उसने अपना भविष्य सानुकूल बनाने के लिए कुलदेवी का आराधन करने का विचार किया और विधिपूर्वक उपवास कर के बैठ गया देवी ने प्रगट होकर पुण्यसार से कहा—तुम्हारा मनोवाछित सिद्ध होगा। निश्चिंत होकर विद्याध्ययन करो। उसने कलाभ्यास तो पूरा किया पर तरुण अवस्था मे जुआरियों की सगत मे पडने से जुअे का व्यसन लग गया।

एक दिन रानी का बहुमूल्य हार जो पुरन्दर सेठ के यहाँ धरोहर रूप में रखा था, पुण्यसार जुए में हार गया। राजा ने जब हार मगाया तो सेठ ने घर में सभाला और न मिलने

पर उसने निश्चय किया कि अवश्य ही पुण्यसार ने हार को गायब किया है अन्यथा घर मे रखी गुप्त वस्तु कहाँ जाती ? उसने पुण्यसार को बुला कर डाँटा तो उसने सच्ची सच्ची बात बतला दी। सेठ कुपित तो था ही, उसने पुत्र को घर से बाहर निकाल दिया। पुण्यसार नगर से बाहर आया और सन्ध्या हो जाने से रात्रि व्यतीत करने के लिए वटवृक्ष के कोटर में बैठ गया।

घर जाने पर सेठ को पुण्यवती ने पूछा—पुत्र कहाँ ? उसने कहा मैंने शिक्षा देने के लिए—अभी का अभी हार लाओ ! कह कर घर से निकाल दिया ! पुण्यवती ने इसके लिए सेठ को बड़ा उपालभ दिया और पुत्र को खोज कर लाने का कहा। सेठ पुत्र को खोजने के लिए सारे नगर मे घूमने लगा। जब बहुत देर तक पति व पुत्र दोनों नहीं लौटे तो पुण्यवती अपनी मूर्खता के लिए पश्चाताप करने लगी।

पुण्यसार ने वटवृक्ष पर बात करती हुई दो देवियों को देखा और ध्यान देकर उनकी बातें सुनने लगा। एक ने कहा इस चाँदनी रात मे कहीं घूमने चलें ! दूसरी ने कहा—कहीं कौतुक वार्त्ता हो तो देखें, अन्यथा निष्प्रयोजन घूमना व्यर्थ है ! प्रथम ने कहा—वलभी नगरी में सुन्दर सेठ के सात पुत्रियां ब्रह्मसुन्दरी, धनसुन्दरी, कामसुन्दरी, मुक्तिसुन्दरी, भागसुन्दरी, सुभागसुन्दरी और गुणसुन्दरी नाम की है। जिनके वर की चिन्ता में सेठ ने गणपति को मनाया और गणपति

देव ने सातवें दिन वर प्राप्त होने का निर्देश किया है। सेठ ने लम्बोदर के आदेशानुसार विवाह मण्डप रच कर विवाह की सारी तय्यारी कर रखी है आज ही लग्न दिवस है, अतः वल्लभी चल कर आज यही कौतुक देखा जाय ! दोनों एक मत होकर वल्लभी जाने को प्रस्तुत हुई और मंत्रोच्चार किया तो वट वृक्ष उड कर वल्लभी के उद्यान में आ उतरा। दोनों देवियां नायिका रूप धारण कर सेठ के घर की ओर चली। कुमार भी कोटर में से निकल कर पीछे-पीछे हो गया। जब वे विवाह मंडप में गई और पुण्यसार को देखते ही सेठ ने कहा कि आप लम्बोदर देव द्वारा प्रेषित हमारे जामाता है अतः सातों पुत्रियों से पाणि-ग्रहण कीजिये ! पुण्यसार को वस्त्राभरण से सुसज्जित कर विवाहचौंरी में बिठाया गया और सातों कन्याओं से पाणि-ग्रहण करवा दिया।

पुण्यसार विवाह के अनन्तर सातों स्त्रियों के साथ महल में गया और उनके साथ प्रश्नोत्तर, श्लोक रचना आदि में थोडा समय बिताया। उसके मन में वट वृक्ष के लौट जाने की चिन्ता थी। उसकी चेष्टाओं से अनुमान कर गुणसुन्दरी ने पूछा—आपको देह चिन्ता के लिए जाना हो तो मेरे साथ नीचे चलिए ! वह तुरत गुणसुन्दरी के साथ नीचे आया और खडिया से दीवाल पर तुरन्त निम्नोक्त दोहा व श्लोक लिख दिया—

किहां गोपाचल किहा वलहि, किहां लबोदर देव।
आव्यो बेटो बिहि वसहि, गयो सत्तवि परणेवि ॥१॥
गोपाचल पुरा दागा, वल्लभ्या नियतेर्वशात्
परिणीय वधू सप्त, पुनर्तत्र गतोस्म्यह ॥ १ ॥

गुणसुन्दरी ने लज्जावश उपर्युक्त लेख की ओर ध्यान नहीं दिया। पुण्यसार ने उससे—तुम द्वार पर खडी रहो, मै देह चिन्ता निवारण करके आता हूँ। कह कर जहाँ वट वृक्ष था, वहाँ जाकर कोटर मे बैठ गया। थोडी देर मे दोनो देवियाँ आई और वट वृक्ष को उडाकर अपने स्थान मे लाकर पुनः स्थापित कर दिया।

पुरन्दर सेठ रात्रि के समय पुत्र की खोज मे घूमता हुआ थक कर वट वृक्ष के नीचे आ बैठा था। जब सूर्योदय होने पर पुण्यसार कोटर मे से निकला तो उसे पितृ दर्शन हुए। पिता ने भी पुत्र को वस्त्रालकारो से सुसज्जित प्रसन्न मुद्रा मे देखा तो आलिगन पूर्वक मिल कर अपने घर ले आया। पुण्यश्री को पति और पुत्र के आने पर अपार हर्ष हुआ और रात्रि का सारा वृतान्त ज्ञात किया। परस्पर अपने अपराधों की क्षमा-याचना कर पुण्यसार ने वल्लभी से लाये हुए अलकारो को बेच डाला और रानी का हार छुडा कर राजा को भेज दिया और वह व्यसन त्याग कर पिता के साथ दुकान में बैठकर काम काज करने लगा।

इधर पति के न लौटने पर गुणसुन्दरी ने अन्य ६ वहिनों

से जाकर कहा तो वे पति-विरह मे रोने कलपने लगी। पिता ने आकर जामाता के भग जाने का सारा वृतान्त ज्ञात किया और नाम ठाम न जान सकने के कारण चिन्तातुर हुआ। गुणसुन्दरी ने नीचे जाकर दीवाल पर लिखे अभिलेख को पढ़ा और पति के गोपाचल निवासी होने का अनुसधान पा लिया। उसने पिता से पुरुष वेश प्राप्त कर छः मास मे पति को प्राप्त करने की प्रतिज्ञा पूर्वक विदा ली। पिता ने ऋद्धि-समृद्धि और नौकर कर्मचारी साथ दे दिये। वह गोपाचल आकर गुणसुन्दर कुमार के नाम से व्यापार करने लगी। थोडे दिनों में गुण-सुन्दर एक सफल व्यापारी के रूप में सर्वत्र प्रसिद्ध हो गया। एक दिन मार्ग में चलते हुए गुणसुन्दर को देख कर रत्नवती मुग्ध हो गई और पिता से प्रार्थना की कि गुणसुन्दर वर मुझे पसद है, मेरा उसके साथ पाणिग्रहण करा दें। सेठ रत्नसार ने गुणसुन्दर के पास जाकर रत्नवती से पाणिग्रहण करने की प्रार्थना की। गुणसुन्दर ने मन ही मन इस अयोग्य सम्बन्ध को विचार कर कहा कि—यह बडों के अधिकार की बात है, पिता दूर है अतः आप किसी अन्य कलावान पुरुष के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दें। रत्नसार ने कहा—मेरी पुत्री तुम्हें चाहती है तो मै उसे दूसरे को कैसे दूँ ?

रत्नसार के आग्रह से गुणसुन्दर को रत्नवती के साथ पाणिग्रहण करना पडा। जब पुण्यसार ने सुना कि रत्नवती का विवाह हो गया तो वह कुलदेवी के समक्ष आत्मघात करने

को प्रस्तुत हुआ, देवी ने कहा—वत्स तुम वृथा क्यों मरते हो ? रत्नवती तुम्हारी ही स्त्री होगी ! पुण्यसार ने कहा रत्नवती का विवाह परदेशी के साथ हो गया, अतः परस्त्री से मुझे क्या प्रयोजन ! देवी ने उसे धैर्य्य धारण कर भावी का विधान देखने का आदेश दिया। गुणसुन्दरी की छः मास की प्रतिज्ञा थी, अवधि बीत जाने पर भी जब पति को प्राप्त करने मे असमर्थ रही तो उसने अग्नि-प्रवेश करने की तय्यारी की। सारे नगर मे चर्चा होने लगी कि गुणसुन्दर सार्थवाह मरने को प्रस्तुत है। दर्शनार्थ लाखों व्यक्ति एकत्र हो गए। राजा ने गुणसुन्दर से पूछा – किसी ने तुम्हारी आज्ञा भग की या कौनसा दुख उपस्थित हो गया, जिससे तुम अग्नि प्रवेश करते हो ! उसने कहा—इष्ट-वियोग के कारण मैं काष्ठभक्षण कर रहा हूँ ! राजा ने कहा—कोई सुज्ञ पुरुष इसे समझावे ! लोगों ने कहा—पुण्यसार के साथ इसकी मित्रता है, वही समझदार व्यक्ति है जो इसे मरने से रोक सकता है। राजा ने पुण्यसार को बुलाया। पुण्यसार ने उसके निकट जाकर पूछा कि किस दुख से तुम देह त्याग करने को प्रस्तुत हुए हो ? गुणसुन्दर ने कहा—हृदय का दुख किसके आगे कहा जाय ? उसकी कोई सीमा नहीं ! पुण्यसार ने कहा—मैं भी तो कम दुखी नहीं, मेरी प्रियाएं वल्लभी मे अपने पीहर मे रहती है ! अब तुम भी अपना दुख कहो ! गुणसुन्दर ने कहा—मेरा प्रिय यहीं गोपाचलपुर मे हैं जिसकी शोध में मैं यहाँ आई और प्रतिज्ञा की अवधि पूर्ण

होने पर अब प्राणान्त करने को प्रस्तुत हूँ ! पुण्यसार ने कहा— मैं वही हूँ, पहचानो ! गुणसुन्दरी ने कहा—प्रियतम ! आप मुझे तोरण द्वार पर छोड़ आए तो मैंने आपको प्राप्त करने के लिए ही इतना प्रयास किया। अब मेरा उद्देश्य पूर्ण हुआ, मुझे स्त्री वेश दीजिये ! पुण्यसार ने घर से स्त्री की पौशाक मगा कर दी जिसे धारण कर गुणसुन्दरी ने श्वसुरादि को नमस्कार किया।

राजा के पूछने पर पुण्यसार ने सारा व्यतिकर बतलाया तो सुन कर सब लोग चकित हो गए। रत्नसार ने कहा—मेरी पुत्री की अब क्या गति होगी ? राजादि सब लोगों ने कहा— उसका पति स्वाभाविक ही पुण्यसार हो गया, इसमे पूछना ही क्या है ? वल्लभी से छओं परिणीताओं को बुला लिया गया। सेठ ने पुण्यसार के लिए आठ महल प्रस्तुत कर दिये, जिसमें रहते हुए वह अपनी कुल मर्यादानुसार काल बिताने लगा।

एक वार ज्ञानसागर नामक ज्ञानी गुरु के पधारने पर पुरन्दर सेठ भी पुण्यसार आदि परिवार को लेकर धर्मोपदेश सुनने गया। सद्गुरु की वैराग्यमय वाणी श्रवण कर बहुत लोग प्रतिबोध पाये। सेठ पुरन्दर के पूछने पर उन्होंने पुण्यसार का पूर्वभव इस प्रकार बतलाया कि नीतिपुर में यह सरल स्वभावी कुलपुत्र था। ससार से विरक्त हो कर सुगुरु सुधर्म के निकट दीक्षित हुआ और सयम-धर्म की आराधना करने लगा। वह दंश मच्छर आदि का उपसर्ग होने पर कायगुप्ति का पालन न कर कायोत्सर्ग में बार बार उड़ाता रहता। गुरु

से शिक्षा प्राप्त कर शुद्ध क्रिया करने में तत्पर हो गया और मर कर सौधर्म देवलोक में देव हुआ, वहा से च्यव कर पुण्यसार हुआ है। पूर्व पुण्य के प्रभाव से इसे देवता का सानिध्य मिला और सपदा प्राप्त हुई। ५ समिति और ३ गुप्ति इन आठों में इसने कायगुप्ति कष्ट से पालन की थी, जिससे सात स्त्रियाँ तो सहज और आठवीं कष्ट से मिली।

पुरन्दर सेठ पुण्यसार को गृहभार सौंप कर दीक्षित हो गया। पुण्यसार ने भी चिरकाल तक श्रावकधर्म पालन कर अन्त मे पुत्रादि से विदा लेकर सयममार्ग स्वीकार किया और अनशन पूर्वक समाधि मरण प्राप्त किया। कविवर समयसुन्दर ने यह चौपई शांतिनाथ चरित्र के अनुसार निर्माण की है।

—:०:०:—

---

# समयसुन्दर रास पञ्चक

## सूचनिका

श्री सद्गुरुभ्योनमः

# समयसुन्दर रासत्रय

## प्रियमेलक-तीर्थ-प्रबन्धे सिंहलसुत चौपई

*सोरठिया दूहा ६*

प्रणमु सद्गुरु पाय, समरू सरसति सामिणी ।
दान धरम दीपाय, कहिसि कथा कौतक भणी ॥१॥

धरमा माहि प्रधान, देता रूडा दीसियइ ।
दीधउ वरसीदान, अरिहंत दीक्षा अवसरइ ॥२॥

उत्तम पात्र तउ एह, साधनइ दीजइ सूझतउ ।
लहियइ लाछि अछेह, अढलिक दान जउ आपियइ ॥३॥

अति मीठा आहार, सखरा देज्यो साधनइ ।
सुख लहिस्यउ श्रीकार, फल बीजा सरिखा फलइ ॥४॥

प्रथिवी माहि प्रसिद्ध, सुणियइ दान कथा सदा ।
प्रियमेलक अप्रसिद्ध, सरस घणुं सम्बन्ध छइ ॥५॥

सुणउ मिलइ जउ सख, ए सुणता जे उ घस्यइ ।
उ माणस अगलिच, के मुझ वचनि को रस नहीं ॥६॥

ढाल १ राग—रामगिरी

चाल—नयरी द्वारामती कृष्ण नरेस, एहनी

सिंहलदीप सिंहल राजान, सिहली राणी जीव समान ।
सिंहलसिंह कुमर अति सूर, प्रगट्यउ पुण्य तणउ अकूर ॥१॥
माइ बाप नइ मानइ घणु, एतउ लक्षण उत्तम तणु ।
दीसइ रूपइ देवकुमार, चालइ उत्तम कुलि आचार ॥२॥
कुमरइ सीखी बहुतरि कला, व्यसन सात कीया वेगला ।
पर उपगारी परम कृपाल, रूडा बोलइ वचन रसाल ॥३॥
साहसीक पराक्रम सार, परदुख कातर पुण्य प्रकार ।
विनयवत अनइ जसवत, सकल कला गुण मणि सोभत ॥४॥
एहवइ मास वसत आवियउ, भोगी पुरषा मनि भावियउ ।
रूडी परि फूली वणराइ, महकइ परिमल पुहवि न माइ ॥५॥
सखर घणु मउर्या महकार, माजरि लागी महकइ सार ।
कोयलि बइठी टहुका करइ, माखा ऊपरि मधुरइ सरइ ॥ ॥
छयल छबीला नर छेकाल, गायइ वायइ बाल गोपाल ।
चतुर माणस ते हाथे चग, मेघनाद वाजइ मिरदग ॥७॥
फूटरा गीत गायइ फागना, रसिक तेह कहइ रागना ।
ऊडइ लाल गुलाल अबीर, चिहु दिसि भीजइ चरणा चीर ॥८॥
नगर माहि सको नरनारि, आणद क्रीडा करइ अपार ।
ढलती रामगिरी ए ढाल, समयसुन्दर कहइ वचन रसाल ॥९॥

[ सर्व गाथा १५ ]

*सोरठीया दूहा ३*

क्रीड़ा करण कुमार, इण अवसर वनि आवियउ ।
पूठिं बहु परिवार, खेलण लागउ खाति सु ॥१॥

तिण अवसरि वनि तेण, वन-गज आयउ विलसतउ ।
जल थल लंघ्या जेण, मातउ मयगल मद झरइ ॥२॥

नगर सेठ धन नाम, कन्या तेहनी क्रीडती ।
अकसमात अभिराम, गज सुडादड माहि ग्रही ॥३॥

[ सर्व गाथा १८ ]

ढाल (२) पाइल री, अथवा—करइ विलाप मृगावती,

कु यरी रोयइ आक्रद करइ, मु नइ को मु कावइ ।
आखे बिहु आसू झरइ, मु नइ को मु कावइ ॥१॥

मरू रे मरू मोरी मातजी, मु० तुरत आवउ मोरा तातजी॥२॥
हा हा हाथी हु अपहरी, मु० धीरिज हु न सकु धरी मु० ॥३॥
केथि गई कुल देवता मु०, सकल कुटब पाय सेवता मु० ॥४॥
करउ रे कृपा अबला तणी मु०, चतुर जायउ कोई चाद्रणी ॥५॥
आक्रद कुमर सुण्या इसा मु०, कुण विलाप देखु किसा ॥६॥
ततखिण कुमर गयउ तिहा मु० जुवती रोती थी जिहा ॥७॥
कष्ट देखी कुमरी तणउ मु०, प्रगट थयउ करुणा पणउ मु० ॥८॥
कुमर विचार इसउ करइ मु०, उत्तम उपगार आदरइ मु० ॥९॥
पर उपगार कीधा पखी मु०, दस मास मात कीधी दुखी ॥१०॥

*यतो गाथा त्रय —*

किं ताण जम्मेणवि, जणणीए पसव दुक्ख जणएण।
पर उवयार मुणो विहु, न जाण हिययमि विप्फुरई ॥१॥
दो पुरिसे धरउ धरा, अहवा दोहि पि धारिया धरिणी।
उवयारे जस्स मई, उवयार जो नवि म्हुसई ॥२॥
लच्छी महाव चला तओ वि चवल च जीविय होई।
भावो तउ वि चवलो, उवयार विलबणा कीस ॥३॥
सूर वीर अति साहसी मु०, उपगार मति मनि उल्लसी ॥११॥
कुमर कला काई केलवी मु०, भली रे हकीकति मेलवी ॥१२॥
कुमर छोडावी कुयरी मु०, कु० सुजस सोभाग सिरी वरी ॥१३॥
वात नगर माहे विस्तरी मु० कु, सिगलइ कीरति सचरी ॥१४॥
धन धन कुमर धीरिज धस्यउ मु० कु, कुण उपगार मोटउ
करयउ मु० कु० ॥१५॥
वाटइ सेठ बधामणी मु०, भूप आयउ देखण भणी मु० ॥१६॥
खलक लोक देखइ खडा मु०, बोलइं कुमर विरुद वडा मु० ॥१७॥
कुमरी राग जाणी करी मु०, धन सेठइ आगइ धरी मुं० ॥१८॥
परणावी पाचे मिली मु०, राजा सेठ पूगी रली मु० ॥१९॥
धन-धन नारि ए धनवती मु, पुरुष रतन पाम्यउ पती मु०॥२०॥
महुल मदिर रुडे मालिए मु०, आणद करइ गउख आलिएमु०।२१।
काम भोग अधिकार ना मु०, सुख भोगवइ ससार ना मु०।२२।
एह ढाल उपगार नी मु०, समयसुन्दर कहइ सार नी मु०।२३।
[ सर्वगाथा ४४ ]

सोरठिया दूहा ४

सिंहलसुत सोभाग, रूपइ दीसइं रूयड़उ।
रमणी आणइ राग, केड़ि न मुकइ कामिनी ॥ १ ॥
जिण जिण गलिए जाय, तिण गलीए तरुणी फिरइ ।
काज काम न कराय, चिटपट लागी चित्त मइ ॥ २ ॥
पच मिली पोकार, अवनीपति आगइं करी।
के तु कुमर निवारि, अथवा अम्हनइ सीख दे ॥ ३ ॥
महाजन मन सतोष, राजा रूडी परि कीयउ।
दाख्यउ दुसमण दोष, कुमर नइ राख्यउ क्रीडतउ ॥ ४ ॥
[ सर्वगाथा ४८ ]

ढाल ( ३ ) वालु रे सवायउ वयर हु माहरु जो, एहनी

अमरप कुमर नइ आवीयउ जी, कीयउ मुझ सुं पिता कूड़।
अवहील्या जे आघा पडइ जी, धिग ते जनम नइ धूडि ॥ १ ॥
करम परीक्षा करण कुमर चल्यउ जी, धणवती चली धण साथि।
कत विहूणी किसी कामिनी जी, अस्त्री नइ प्रियु आथि ॥ २ ॥
देश प्रदेसे अचरिज देखस्यु जी, भाग्य नउ लहस्यु भेद।
साजण दूजण समझस्यु जी, इम मनि धरी रे उमेद ॥ ३ ॥ क०

यत·

दीसइ विविह चरियं, जाणिज्जइ सयण दुज्जण विसेसो।
अप्पाण च कलिज्जइ, हिंडिज्जइ तेण पुहवीए ॥ १ ॥

आधी राति ऊठियउ जी, सुदर लीधी साथि।
सिंहलसुत महा साहसी जी, हथियार तरवारि हाथि ॥ ४ ॥
तुरत गयउ दरिया नइ तटइ जी, समुद्रे चढ्यउ साहसीक।
प्रवहण बइठउ पर दीपा भणी जी, नारि नइ लेई रे निजीक ॥५॥
आगलि जाता दरियउ ऊछल्यउ जी, तिम वलि लाग्यउ तोफान।
प्रवहण भाग्यउ कोलाहल पडयउ जी, अतिदुख पडयउ असमान॥६॥
पुण्य सयोगइ पाम्यउ पाटियउ जी, धनवती लीधउ आधार।
नारि सहती दुख नीसरी जी, पाम्यउ समुद्र नउ पार ॥७॥ क०
अबला चाली तिहाथी एकली जी, वमती जाउ किण वेगि।
कत विहूणी रूपवत कामिनी जी, उपजइ कोडि उदेगि ॥८॥ क०
नगर निजीक नारी गई जी, पेख्यउ एक प्रासाद।
दड कलस ध्वज दीपता जी, नवला सख निनाद ॥ ९ ॥ क०
धनवती पूछी काइ धरमिणी जी, कहि बाई कुण ए गाम।
कुण तीरथ एह केहनउ जी, ए महिमा अभिराम ॥ १० ॥ क०
गाम कुसमपुर गुणनिलउ जी, इद्रपुरी अवतार।
प्रियमेलक तीरथ परगडउ जी, सहु जाणइ ससार ॥ ११ ॥
वेगि मिलइ प्रियु वीछड्यउ जी, नित तप करइ जे नारि।
इहाँ बइठी अणबोलती जी, परता पूरइ अपार ॥ १२ ॥ क०
धनवती मौन वरत धरी जी, जाइ बइठी जोग ध्यान।
नाह मिल्या विण बोलूँ नहीं जी, ए हठ लीयउ असमान ॥१३॥

मन गमती ढाल मारुणी जी, दुखिया जगावइ दुक्ख ।
समयसुन्दर कहइ सुणता थका जी, सुखियां सपजइ सुक्ख ॥१४॥
[ सर्वगाथा ६३ ]

*दूहा सोरठिया ३*

कुमरइ पणि इक कोय, लाधउ लाबउ लाकडउ ।
तरतउ तरतउ तोय, पारइ पहुँतउ पाधरउ ॥१ ॥
जेहवइ आगइ जाय, नगर रतनपुर निरखीयउ ।
रत्नप्रभ तिहाँ राय, राणी रतनासुदरी ॥ २ ॥
रतनवती बहु रूप, राजा नइ बेटी रतन ।
सुदर सकल सरूप, भर जोवन आवी भली ॥ ३ ॥
[ सर्व गाथा ६६ ]

ढाल ( ४ ) राग—आसाउरी,

चाल—सहजइ छेहडउ रे दरजणि स० वालि रे भर जोवन माती,

तिण अवसर वाजइ तिहा रे, ढढेरा नउ ढोल ।
चउरासी चहुटे भमइ, बोलइ वलि एहवा बोल रे ॥ १ ॥
राजा नी कुंयरी, मरइ रे साप खाधी सुदरी ।
को जीवाडइ रे, कुमरी को जीवाडइ । आकणी ।
गारुडी नाग मत्रा गुण्या रे, मरद्या मोरी गइ ।
मणि पणि डक ऊपरि मूकी, गुण न थयउ ते गया रइ रे ॥२॥रा०
हिव वैद्य हाथ झाटक्या रे, उपजइ नहि को उपाय ।
मुरछागत कुमरी मरइ, जीवित हाथा माहि जाय रे ॥३॥ रा०

कुमर महा अति कौतकी रे, आणी उपगार बुद्धि।
पडह छव्यउ निज पाणि सुं, सापुरषा साची सिद्धि रे ॥४॥ रा०
कुमर आण्यउ कुमरी कन्हइ रे, निर्मल आण्यउ नीर।
उहली मु द्रडि आपणी, सहु छाण्यउ कुमरी शरीर रे ॥ ५ ॥ रा०
पाणी पायउ प्रेम सु रे, ऊठि बइठी थई आप।
कुमरइ उपगार ए कियउ, बहु हरख्या माइ नइ बाप रे ॥६॥रा०
रूपइ दीठउ रूयडउ रे, गुण दीठउ उपगार।
उत्तम कुलि तिण अटकल्यउ रे, प्रगट्यउ पुण्य प्रकार रे ॥७॥रा०
रत्नप्रभ गुण रंजियउ रे, कीधउ कुमरी वीवाह।
दीधउ कुमर नइ दायजउ, अधिकउ कुमरी उच्छाह रे ॥८॥ रा०
राति पडी रवि आथम्यउ रे, जाग्यउ मदन जुवान।
रंगमहुल पहुता रली रे, वारू जाणे इंद्र विमान ॥९॥ रा०
वर पल्लंग विछाइयउ रे, पाथर्या बहु पटकूल।
अगर उखेव्या अति घणा, महकइ परिमल अनुकूल ॥१०॥ रा०
दीवा कीधा चिहु दिसइ रे, रत्नवती बहु रंग।
कुमर पलंग छोडी करी, सूतउ धरती तजि संग रे ॥११॥ रा०
चतुर नारी मनि चींतवइ रे, करम फूटउ मुझ कोय।
सेज छोडी धरती सूयइ, रमणी जीवितइ नइ रोय ॥१२॥ रा०

यत

घरि घोडउ नइ पालउ जाइ, घरि घीणउ नइं लूखउ खाइ।
घरि पलंग नइ धरती सोयइ, तिण री बइरि जीवतइ नइ रोवइ ।१।

पुछ्यु कुमरी प्रेम सु रे, भेद कहउ भरतार।
ए वयराग तुम्हे आदर्यउ, किम राग तणइ अधिकार रे।१३रा०
कुमरइं मन माहि अटकल्यउ रे, स्त्रीनइ न कहीयइ साच।
वली विसेस वात सउकिनी, वदइ पडित एहवी वाच रे।१४रा०
कुमर कहइ वात केलवी रे, सुणि सु दरि मुझ सच।
मा बाप थी मइ वीछड्यइ, राख्यउ अभिग्रह रंच रे।।१५।। रा०
सूस्यु धरती सर्वदा रे, पालीसि सील प्रताप।
सू स लियउ मइ सु दरी, मिलस्यइ नहि जा माइ बाप रे।।१६।।
कहइ कुमरी सुणउ कत जी रे, धन्य तुम्हे धर्यउ नेह।
भगति मा बाप तणी भली, उत्तम पुत्र लक्षण एह रे।। १७ ।।रा०
भेद जाण्यउ सहु भूपती रे, चिन्तातुर थयउ चित्त।
कुमर नइ पूछ्यु किहा वसउ, कुलवश कहउ सुपवित्त रे।१८रा०
कुमर कहउ कुल आपणउ रे, वश अनइ गाम वास।
समयसु दर कहइ सहु सुखी, रही रत्नवती नीरास रे।।१६।।रा०

[ सर्व गाथा ८६ ]

*सोरठिया दूहा ४*

रत्नप्रभ हिव राय, कुमरी सप्रेडण करइ।
राखी रती न जाय, सुख लहिस्यइ गइ सासरइ।।१।।
मणि माणिक बहु माल, मोती जवहर मू गीया।
रतन अमूलिक लाल, चीर पटबर चरणिया।।२।।
सहु सप्रेडण साज, कुमरी नइ राजा कीयउ।
जतने घणे जीहाज, बइसार्या बेऊ जणा।।३।।

राजा पुरोहित रुद्र, सप्रेडण साथइ दियउ।
खोटउ मन मे क्षुद्र, मिंहलद्वीप साम्हा चाल्या ॥४॥
[ सर्व गा० ६० ]

ढाल (५) अलबेल्यारी

प्रवहण तिहाथी पूरियउ रे लाल,
सहु मु कीधी सीख ॥ हरिणाखी रे।
आसीस दीधी एहवी रे लाल, विलसउ कोडि वरीस ॥हरि०१॥
तइ मेरउ मन मोहियउ रे लाल, मानि मोरी अरदास ॥ हरि०
प्रारथिया पहिडइ नहीं रे लाल उत्तम पूरइ आस ॥हरि० २॥
रत्नवती रूप रजियउ रे लाल, प्रोहित आण्यउ पाप ।हरि०
नाखु कुमर नइ नीर मइ रे लाल, एहनइ भोगवइ आप॥हरि०३॥
सिंहलसिंह मारु सही रे लाल, हुइ कुमरी मुझ हाथि। हरि०
जनम जीवित सफलउ करु रे० सुख भोगवु इण साथि ॥ह०४॥
प्रवहण वहता पापियइ रे लाल लपट लाधउ लाग। हरि०
दरिया माहि नाखी दीयउ रे०, ऊडउ जेथि अथाग ॥हरि०५॥
रुद्र पुरोहित रोवतउ रे लाल, करइ रे आक्रद पोकार। हरि०
हा हा दैव किमु हुयउ रे लाल, किम जल बूडउ कुमार ॥ह०६॥
एह अखत्र इणइ कीयउ रे लाल, किसु न करइ कामध। हरि०
हुँ केथी थाउ हिवइ ते लाल, धणि पाखइ सहु धध ॥हरि० ७॥
प्रोहित प्रारथना करइ रे लाल भोगवि मुझसु भोग। हरि०
हु किकर तोरउ हुस्यु रे लाल, सु दरि म करि तु सोग ॥ह०८॥

चतुर नारी इम चिंतवइ रे लाल, कहउ हिव हु करुं केम । ह०
सील मोरउ ए खडस्यइ रे लाल, आपदा पड़ी मुझ एम ।।ह०६।।

हं है वज्र मोरउ हीयउ रे लाल, पाथर थीय प्रचड । हरि०
वाल्हेमर थी वीछड्या रे लाल, खिण न थयउ सतखड ।।ह०१०।।

रे रे दैव तु का रूठउ रे लाल, कुण अपराध मइ कीध । ह०
किहा पीहर किहा सासरउ रे लाल, दुख माहे दुख दीध ।।ह०११।।

विरह विलाप करू किसारे लाल, रोया न लाभइ राज ।ह०
कोई वचना, कहु केलवी रेलाल, ए घाच टाल्यु आज ।।ह०१२।।

प्रोहित हु तुझ वसि पडी रे लाल, सुख भोगवि ज्यु सुहात ।ह०
पणि बारहीयउ प्रियु तणउ रे०, कीधा पछी काइ बात ।।ह० १३।।

जोरइ प्रीत जुडइ नहीं रे लाल, पडखि मु नइ पचराति । हरि०
रत्नवती सील राखीयउ रे लाल, प्रणमीजइ परभाति ।।ह० १४।।

आगइ दरियउ ऊछल्यउ रे लाल, भागी बेडी भडाक । हरि०
कोलाहल लोके कीयउ रे लाल, हा हा पडी बु बहाक ।।ह० १५।।

लाधउ कुमरी लाकडउ रे लाल, तरती गई जल तीर ह० ।
प्रियमेलक पणि पामीयउ रे लाल, दुःख करती दिलगीर ह० ।।१६।।

प्रियमेलक भेद पूछियउ रे लाल, पहुती धनवती पासि ह० ।
नाह विना बोलु नहीं रे लाल, ए यक्ष पूरस्यइ आस ह० ।।१७।।

प्रोहित ते पणि पापीयउ रे लाल, जीवितउ नीसरयउ जाणि ह० ।
नगर कुसमपुर नउ धणी रे लाल, मु हतउ थयउ तसु माणि ।।१८।।

बे नारी बइठी रहइ रे लाल, जोता प्रियु दिन जात ह० ।
समयसुन्दर कहइ साभलउ रे लाल, वलि कहु त्रीजी वात ह०॥१६॥
[ सर्व गाथा १०६ ]

*सोरठिया दूहा ६*

पडतउ पाणी माहि, किणही कुमर उपाडियउ ।
पूरव पुण्य पसाहि, आण्यउ तापस आश्रमइ ॥१॥
आणद तापस अग, दीठा लक्षण देहना ।
रूपवती मनि रग, पुत्री परणावी पिता ॥२॥
कथा दीधी काइ, कर मू कावण कुमर नइ ।
सउ टका सुखदाइ, खिरी पडइ खखेरता ॥३॥
सखर खटोली साइ, आपी आकासगामिनी ।
जहा भावइ तहा जाइ, मन जिहा मानइ आपणउ ॥४॥
बइसि खटोली बेउ, आकास मारगि ऊडीया ।
धनवती ध्यान धरेउ, जाउ धनवती छइ जिहां ॥५॥
नगरी कुसम निजीक, खिण मइ गई खटोलडी ।
नर नारी निरभीक, आवी बेऊ ऊतस्या ॥६॥
[ सर्व गाथा ११५ ]

ढाल (६) राग—वयराडी, जलालिया नी

तिण अवसरि तरसी थई रे,
रूपवती करइ अरदास, जीवन मोराजी ।
कु ली रे काया तावड आकरउ रे,
पापिणी लागी मुनइ प्यास, जी० ॥१॥

पाणी रे पायउ हु तरसी थई रे, खिण इक मइ न खमाय। जी०।
कठ सूकइ काया तपइ रे, जीभइ बोल्यु न जाय। जी० ॥२॥
कथा खाट काता तजी रे, जल लेवा नइ जाय। जी०।
कुमर आगइ दीठउ कूयउ रे, थोडु सु नीचउ जल नइ थाय ॥३॥
भुजग बोल्यउभाषा मनुष्य नीरे, काढि मु नइ करि उपगार।जी०।
लावउ मु क्यउ आघउ लूगडउ रे, काढ्यउ साप कुमार। जी०॥४॥
झाट मारी साप झूवियउ रे, कूबड कीधउ कुरूप। जी०।
कुमर कहइ कासु कीयउ रे, अधम करइ ए सरूप। जी० ॥५॥
साप कहइ गुण जाणे सही रे, आगइ देखिस आप। जी०।
सकट कष्ट पड्या सही रे, सानिध करिस्यइ तु नइ साप ॥६॥
अचरिज कुमर नइ ऊपनउ रे, पाणी ले आयउ नारी पासि जी०।
पी पाणी सीतल प्रिया रे, वनिता रहीय विमासि जी० ॥ ७ ॥
कुण पुरुष ए कूबडउ रे, पर पुरुषा न रहु पासि जी०।
उफराठी ऊभी रही रे, वामणउ करइ रे वेषास जी० ॥ ८ ॥
नीर पीधा विण नीसरी रे, कथ गयउ मुझ केथि जी०।
वनि वनि जोयउ वालहउ रे, अबला न दीठउ एथि जी० ॥ ९ ॥
भूली रे भमती गई भामिनी रे, तीरथ प्रियमेल तेथि जी०।
त्रीजी रे बइठी नारी सिहा रे, जुवती बइठी छइ जेथि जी० ।१०।
त्रिण्हे नारी तपस्या करइ रे, बोलइ नहीं एक बोल जी०।
समयसुन्दर कहइ हु साख चुं रे, एहनउ सील अमोल जी० ॥११॥

[ सर्व गाथा १२६ ]

दूहा ६

कथा खाट मुकी किहा, काता रहित कुमार।
नगर कुमर ते निरखता, निरखी त्रिण्हे नारि ॥ १ ॥
केइक दिन रहता थका, विस्तरी सगलइ वात।
कुमरी त्रिण तपस्या करइ, परमारथ न प्रीछात ॥ २ ॥
बोल एक बोलइ नहीं, दिव्य रूप कृश देह।
अन्न पान को आणि द्यइ, तउ ते खायइ तेह ॥ ३ ॥
राजा मनि आवी रली, साचउ एहनउ सत्त।
जिम तिम बोली जोइजइ, चिटपट लागी चित्त ॥ ४ ॥
राजा पडह फेराविय़उ, साभलिज्यो सहु कोउ।
पुत्री द्यु तसु पुरुष मइ, जुवति बोलावइ जोउ ॥ ५ ॥
पडह छब्यउ वामण पुरुषि पुहतउ राजा पासि।
ऊठि प्रभाते आवज्यो, तुरत बोलाविस ताम ॥ ६ ॥
[ सर्वगाथा १३२ ]

ढाल (७) मइ वइरागी संग्रह्यउ, एहनो

ऊठि प्रभाति आवीयउ, राजा रूड़ी रीतो रे।
सेठ सेनापति सूत्रवी, मत्री महाजन मीतो रे ॥ १ ॥
कुमरी बोलावइ कूबडउ, लोक मिल्या लख कोडो रे।
अचरिज लोक नइ ऊपजइ, जुगति कहइ हीया जोडो रे ॥२॥ कु०
कोरा पाना काढिया, वलि कहइ एहवी वातो रे।
अक्षर ए देखइ नहीं, ते जाणीजइ त्रिजातो रे ॥ ३ ॥ कु०

भूपति प्रमुख सहु को भणइ, अक्षर सखरा एहो रे।
तिरजात कुण थायइ तिहा, किणरइ कारिज केहो रे ॥४॥ कु०
वाचइ पोथी बांमणउ, साभलिज्यो सहु कोयो रे,
सिंहलसुत निज नारिसु, चल्यउ दरियइ चित्त लायो रे ॥५॥
आगइ दरियइ आवता, प्रवहण भागउ प्रवायो रे।
आज कथा कही एतली, वलि विहाणइ कहिवायो रे ॥६॥ कु०
हिव कहि आगइ किसु हुयउ, बोली धनवती बालो रे।
कहिवा लागउ कूबडउ, भामिनी बोली भूपालो रे ॥७॥ कु०
वलि परभाति आवीया, रस लीधा राय राणो रे।
कोरी पोथी कूबडउ, वाची करइ वखाणो रे ॥८॥ कु०
काष्ठ आधारि कुमर गयउ, नयर रतनपुर नामो रे।
रत्नवती सुता रायनी, उणि परणी अभिरामो रे ॥९॥ कु०
रत्नवती नइ ले चल्यउ, आवता समुद्र नइ आधो रे।
प्रोहित कुमर नइ पापियइ, नाख्यो नीर अगाधो रे ॥ १०॥ कु०
पोथी बाधी पडितइ, एतलउ सबध आजो रे।
कालिह कहिसि इहा आवज्यो, केहनइ छइ काम काजो रे ॥११॥कु०
रत्नवती न सकी रही, ततखिण बोली तामो रे।
कहि आगलि कासु थयउ, पडित करूय प्रणामो रे ॥१२॥ कु०
बीजी पणि बोली अछइ, सहु लोका नी साखो रे।
त्रीजइ दिन आया तिहा, लोक मिली नइ लाखो रे ॥१३॥ कु०
वाचइ आगइ वामणउ, अदभुत राग उदारो रे।
पाणी मइ पडतउ थकउ, किणही उपाड्यउ कुमारो रे ॥१४॥ कु०

तापस परणावी तिहाँ, आपणी पुत्री एको रे।
रत्नवती रूपइ भली, वारू विनय विवेको रे ।।१५।। कु०
खिणमइ बइसि खटोलडी, आया आश्रम एथो रे।
कुमर गयउ कूया भणी, आणिवा नीर अनेथो रे ।।१६।। कु०
साप भ्रूव्यउ तेहनइ सही, ए त्रिहु ना अवदातो रे।
इम कहिनइ ऊभउ रह्यउ, रूपवती न रहातो रे ।।१७।। कु०
त्रीजी पणि बोली तिहा, तिम हिज ते ततकालो रे।
कुसमवती मागइ कूबडउ, वाचा अविचल पालो रे ।।१८।। कु०
मानी बात महीपति, आण्यउ निज आवासो रे।
चउरी बाधी चिहु दिसइ, हरिणाखी करइ हासो रे ।।१९।। कु०
गीत कोई गायइ नहीं, अगि नहीं उछरगो रे।
समयसु दर कहइ सहु कहइ, सरिज्यो का ए सगो रे ।।२०।। कु०

[ सर्व गाथा १५२ ]

दूहा ३

कुमरी मनि कौतुक थयउ, चिटपट लागी चित्ति।
कहिस्यइ इण विन को नहीं, प्रियु आगली प्रवृत्ति ।। १ ।।
चउरी माहि चतुर गई, अवसर दीठउ एह।
सेवा करी सतोषस्या, नयण जणावइ नेह ।। २ ।।
सोहलउ गायइ सुदरी, तिण्हे मिली एक तान।
कहइ कदाचि खुसी थकउ, प्रीतम बात प्रधान ।। ३ ।।

[ सर्वगाथा १५५ ]

